डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

कोरोना पर विजय पाना है, टीका जरूर लगवाना है

कोरोना की संभावित तीसरी लहर के लिए सरकार की पूरी तैयारी - मुख्यमंत्री

डॉक्टर्स के लिए जन-जन में विकसित हुआ 'तुम रक्षक काहू को डरना' का भाव

भोपाल, कोरोना के संकट काल में डॉक्टर साथियों द्वारा की गई त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण के परिणामस्वरूप डॉक्टर्स के लिए जन-जन में यह भाव विकसित हुआ कि 'तुम रक्षक काहू को डरना'। यह डॉक्टर्स के निरंतर परिश्रम का ही परिणाम था कि कोरोना की विकट परिस्थितियों में डॉक्टर की उपस्थिति से लोग 'संकट कटे, हरे सब पीड़ा' का अनुभव करने लगते थे। मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ के प्रयासों के परिणामस्वरूप ही संभव हो पाया। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की संभावना वैज्ञानिकों द्वारा व्यक्त की गयी है। इस लहर का सामना करने, बचाव और रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह तैयार है। राज्य सरकार इस ओर निरतंर सक्रिय है। डॉक्टर्स को भी तीसरी लहर से प्रदेश को बचाने के लिये सभी उपाय करने हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉक्टर्स डे पर भोपाल में आयोजित संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना महामारी के कठिन समय में अपनी असीमित सेवाओं और कर्तव्य-परायणता से मानव-सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले डॉक्टर्स का स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने डॉक्टर विधानचन्द्र राय का भी स्मरण किया। डॉ. राय के जन्म दिवस पर ही एक जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में डॉक्टर्स डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टरों को सम्मानित करते हुये।

शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर बढ़ा विश्वास

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर लोगों का विश्वास कई गुना बढ़ा है। कोरोना संक्रमण का सामना करने में शासकीय के साथ-साथ निजी अस्पतालों का भी बहुत सहयोग रहा। राज्य शासन द्वारा निजी अस्पतालों के लिए कोरोना इलाज की विशेष दरें निर्धारित की गईं। जिससे आयुष्मान भारत योजना का लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिला।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर से बचाव के लिए राज्य सरकार सतर्क है। प्रदेश में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर टेस्ट हो रहे हैं। उद्देश्य यह है कि तीसरी लहर की आहट मिलते ही तत्काल नियंत्रण के उपाय आरंभ किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे लिए यह सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसीलिए कोरोना महामारी की समीक्षा बैठकें नियमित हो रही हैं। तीसरी लहर का सामना करने के लिए तैयारियां लगातार जारी हैं। अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने, ऑक्सीजन उत्पादन, आवश्यक सामग्री, उपकरण तथा दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ का प्रशिक्षण भी जारी है। यूरोप के कुछ देशों में लॉकडाउन की स्थिति पुनः बन रही है। इसको देखते हुए हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि डॉक्टर्स का सेवा-भाव, मानवता के प्रति लगन हमें डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञ बनाती है। सरकार के आभार के भाव को व्यक्त करते हुए श्री सारंग ने कहा कि आपने हर चुनौती को किया स्वीकार, आपकी आभारी है मध्यप्रदेश सरकार। स्वास्थ मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एक डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग का मंत्री बनाना डॉक्टरों का सम्मान है।

टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार डॉक्टर साथियों ने कोरोना संक्रमण नियंत्रण में भूमिका निभाई है उसी प्रकार टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने में भी आपसे सहयोग की अपेक्षा है। टीकाकरण के संबंध में व्याप्त भ्रम और भय दूर करने में डॉक्टरों का जन-सामान्य से संवाद महत्वपूर्ण है। श्री चौहान ने डॉक्टर्स से सोशल मीडिया पर इस संबंध में लोगों में जागरूकता फैलाने की अपील की।

इन्दौर में बना

एशिया का सबसे लंबा ऑटोमोबाइल हाई स्पीड ट्रैक

इन्दौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन्दौर को एशिया के सबसे लंबे हाई स्पीड ट्रैक (एचएसटी) की सौगत मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत देश को ऑटो हब बनाने के स्वप्न को साकार करने में अपना योगदान देगा। साथ ही प्रदेश में रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध करवायेगा। श्री चौहान ने कहा कि एनएटीआरएएक्स को 1000 एकड़ भूमि के क्षेत्र में विकसित किया गया है। जहां पर 2 पहिया वाहनों से लेकर भारी ट्रैक्टर ट्रेलरों तक के सभी प्रमुख श्रेणी वाले वाहनों के हाई स्पीड परीक्षण हो सकेंगे, जो कि वाहनों के लिए सभी प्रकार के हाई स्पीड परीक्षण का एक प्रमुख केंद्र होगा।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने विश्व स्तरीय 11.3 किलोमीटर लंबे हाई स्पीड ट्रैक के ई-उद्घाटन पर कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल और स्पेयर पार्ट्स का मेन्युफैक्चरिंग केंद्र बनना तय है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की कार्य योजना की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्पेशल टास्क फोर्स गठित की है। टास्क फोर्स में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव पर्यावरण, खेल एवं युवा कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास एवं आवास, औद्योगिक विकास एवं नीति प्रोत्साहन, तकनीकी कौशल, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आयुक्त/संचालक जनसम्पर्क, सदस्य सचिव मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य संयोजक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं शहरी सदस्य होंगे।

खास खबर

आरटीई के आवेदन की अंतिम तिथि अब नौ जुलाई हुई

भोपाल, शिक्षा का अधिकार कानून के तहत, सत्र 2021-22 में निजी स्कूलों की प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 9 जुलाई 2021 तक किए जा सकेंगे। पूर्व में यह तिथि 30 जून थी। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस ने बताया कि छात्र-हित को ध्यान में रखते हुए सत्र 2021-22 के निःशुल्क प्रवेश की गतिविधियों के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की गयी है। इस संबंध में संशोधित समय सारिणी जारी करते हुए सभी अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये गये हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

शिक्षा के बाद रोज़गार के अवसर किये जायें सुनिश्चित - मुख्यमंत्री

भोपाल, शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य यह होना चाहिए कि शिक्षा प्राप्ति के बाद विद्यार्थियों को रोज़गार सुनिश्चित हो जाए। इसके लिए रोज़गारोन्मुखी शिक्षा एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाये। हमें ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिससे हर विद्यालय एवं महाविद्यालय में शिक्षा का अच्छा वातावरण बने। विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े तथा शिक्षक पूरे मन से अध्यापन करें। हम सब भी विद्यार्थियों को प्रेरित करने का कार्य करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत गठित मंत्री समूहों के प्रस्तुतीकरण के अंतर्गत शिक्षा समूह के प्रस्तुतीकरण पर चर्चा के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की भिन्न-भिन्न विशेषताएं हैं। इन सभी स्थानीय विशेषताओं का ज्ञान वहां के विद्यार्थियों को दिया जाना चाहिए। स्थानीय उत्पादों आदि के संबंध में जानकारी एवं प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि आज भी हमारे प्रदेश में बहुत से आदर्श शिक्षक हैं, जो विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को अच्छी तरह निखारते हैं। अन्य शिक्षक भी उनसे प्रेरणा प्राप्त करें। मुझे याद है जब मैं अपने गांव जैत में अध्ययन करता था, मेरे एक शिक्षक प्रति शनिवार सभी बच्चों को कक्षाओं के बाद स्व-प्रेरणा से रामायण पढ़ाते थे। वे मुझसे रामायण की चौपाइयां तथा उनका अर्थ बताने के लिए कहते थे। धीरे-धीरे मैं अच्छा बोलना सीख गया। मेरे वक्ता बनने का श्रेय उन्हीं शिक्षक को जाता है। मैं ऐसे सभी शिक्षकों को हृदय से नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण के माध्यम से उद्योगों के लिए स्किल्ड मैन पॉवर तैयार किया जाए। संबंधित उद्योगों में उनको एप्रेंटिशिप भी कराई जाए। भोपाल में बनाए जा रहे ग्लोबल स्किल पार्क में प्रशिक्षित हर विद्यार्थी को उसकी योग्यता के अनुरूप रोज़गार दिलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश नॉलेज कॉर्पोरेशन की स्थापना का कार्य शीघ्र किया जाए।

गरीबों के लिये सरकार की सबसे अधिक जवाबदारी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्री समूह की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, लोकतांत्रिक सरकार की सबसे अधिक जवाबदारी गरीबों के प्रति है। गरीब और वंचित वर्ग को ही सरकार के सहयोग और समर्थन की सबसे अधिक आवश्यकता है। राज्य सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश को लोक कल्याणकारी राज्य के मॉडल के रूप में स्थापित करना है। अतः गरीब और वंचित वर्ग की तात्कालिक सहायता वाली योजनाओं के साथ उनके स्थाई सामाजिक और आर्थिक उन्नयन के लिए हरसंभव प्रयास पूरी गंभीरता से किए जाएं। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा के साथ स्थाई आजीविका के लिए बहुआयामी गतिविधियां संचालित की जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के अंतर्गत गरीब कल्याण के लिए गठित मंत्री-समूह की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न वितरण का दायित्व स्व-सहायता समूहों को सौंपने पर भी विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही गरीबों को तत्काल लाभ देने वाली वनोपज आधारित गतिविधियों और बकरी पालन, मुर्गी पालन जैसी पशुपालन से संबंधित, हितग्राहीमूलक योजनाओं का व्यापक रूप से संचालन भी आवश्यक है। श्री चौहान ने कहा कि मंत्रीगण सहित सभी जनप्रतिनिधि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से जीवंत संवाद रखें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

26 जून

पैन-आधार लिंक कराने की समय-सीमा में हुई वृद्धि

● केंद्र सरकार ने पैन नंबर को आधार नंबर से लिंक कराने की समय-सीमा बढ़ाकर 30

सितम्बर 2021 कर दी है। यह जानकारी केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने दी। श्री ठाकुर ने बताया कि पहले यह समय-सीमा 30 जून तक थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने आयकर से जुड़ी विभिन्न समय-सीमा भी बढ़ाई है। नियोक्ता की ओर से कर्मचारियों को दिये जाने वाले टीडीएस सर्टिफिकेट (फॉर्म-16) की अंतिम तारीख भी 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 जुलाई 2021 कर दी है। साथ ही कर्मचारी के कोविड-19 इलाज में नियोक्ता द्वारा दी गई राशि को आयकर से छूट दी गई है। यदि किसी कर्मचारी की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हो जाने के बाद उसके परिजन को नियोक्ता से अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेशिया) मिली है, तो वह भी आयकर मुक्त होगी। सरकार ने टैक्स विवाद सुलझाने के लिये लागू की गई विवाद से विश्वास स्कीम के तहत भुगतान की अंतिम तिथि दो महीने बढ़ाकर 31 अगस्त 2021 कर दी है।

● भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि अब गर्भवती महिलायें भी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकती हैं। केंद्र सरकार ने गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लगाने से जुड़ी गाइडलाइन जारी की है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉक्टर बलराम भार्गव ने बताया कि कोरोना वैक्सीन गर्भवती महिलाओं को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिये उपयोगी है और इसे दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर द्वारा हाल ही में की गई एक स्टडी से पता चला है कि भारत में गर्भवती महिलाएं कोरोना की दूसरी लहर के दौरान पहली लहर की तुलना में अधिक गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाने की कोशिश कर रही है।

27 जून

सीबीएसई ने बच्चों को हस्तशिल्प सिखाने के लिये लॉन्च की हैंडबुक

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने हैंडीक्राफ्ट एंड कार्पेट सेक्टर

स्किल काउंसिल के सहयोग से कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों के लिये हस्तशिल्प पर स्किल मॉड्यूल के लिये एक स्टूडेंट हैंडबुक लॉन्च की है। यह हैंडबुक स्किल मॉड्यूल प्रैक्टिकल एक्टिविटीज पर केंद्रित हैं, जो विद्यार्थियों को हस्तशिल्प को सीखने का अनुभव प्रदान करेगा। इस हैंडबुक में दो मॉड्यूल शामिल हैं- पेपर माशे और फैशन ज्वेलरी। सीबीएसई के कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशक डॉ. विस्वजीत साहा ने बताया कि 700 से ज्यादा स्कूलों ने पहले ही इस मॉड्यूल को शुरू करने का विकल्प चुना है। विद्यार्थियों को यह स्किल मॉड्यूल पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिये सीबीएसई प्रशिक्षण प्रोग्राम भी आयोजित करेगा। यह हैंडबुक सीबीएसई की एकेडमिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

● भारत-चीन सीमा पर पूर्वी लद्दाख में जारी गतिरोध के बीच भारत और चीन ने सीमा मामलों पर बातचीत के लिये बनी डब्ल्यूएमसीसी की बैठक में हिस्सा लिया और सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से संबंधित विवादों का जल्द समाधान तलाशने पर सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार दोनों पक्षों ने सितम्बर 2020 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बनी सहमति के अनुरूप पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शेष मुद्दों के जल्द समाधान की जरूरत पर सहमति व्यक्त की।

● कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक वैरिएंट डेल्टा के बढ़ते मामलों की वजह से ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर लॉकडाउन का संकट आ गया है। डेल्टा वैरिएंट के प्रकरण सामने आने के बाद ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहर सिडनी में दो सप्ताह के लिये सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले सिडनी में डेल्टा वैरिएंट के अब तक कुल 80 मामले सामने आ चुके हैं।

28 जून

आरबीआई ने को-ऑपरेटिव बैंक में नियुक्तियों के लिये तय की न्यूनतम योग्यता

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने शहरी सहकारी बैंकों में प्रबंध निदेशक या

पूर्णकालिक निदेशक के पद पर राजनैतिक नियुक्तियों पर रोक लगा दी है। आरबीआई ने इन पदों पर नियुक्ति के लिये न्यूनतम योग्यता तय कर दी है। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नीरज निगम द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार शहरी सरकारी बैंकों में प्रबंध निदेशक और पूर्णकालिक निदेशक पद के लिये विधायक, सांसद या नगर निगम प्रतिनिधियों को नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। इन पदों पर नियुक्ति के लिये न्यूनतम योग्यता स्नातकोत्तर या वित्तीय क्षेत्र की डिग्री मानी जायेगी। इसके अलावा चार्टर्ड अकाउंटेंट, एमबीए (फाइनेंस) या बैंकिंग में डिप्लोमा अथवा सहकारी कारोबार प्रबंधन में डिप्लोमाधारक को भी प्रबंध निदेशक या पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया जा सकेगा।

● संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत, दक्षिण अफ्रीका और नाइजीरिया के नागरिकों पर यात्रा पाबंदी जारी रखने का फैसला किया है। यूएई के जनरल सिविक एविएशन अथॉरिटी (जीसीएए) ने एक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान सहित 14 देशों से यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इससे पहले 19 जून को दुबई की ओर से कहा गया था कि पिछले 14 दिनों में जो लोग भारत, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका से वहां जायेंगे, उनके लिये प्रतिबंध में ढील दी जायेगी। जीसीएए ने यात्रा प्रतिबंध जारी रहने की बात कही है, लेकिन दुबई के ऐलान पर कुछ नहीं कहा है।

● वैज्ञानिकों ने लक्षद्वीप के 10 द्वीपों के डूबने का अंदेशा जताया है। वैज्ञानिकों ने कहा कि लक्षद्वीप के 36 द्वीपों में से 10 द्वीपों का 60 प्रतिशत हिस्सा अगले 30 वर्षों में डूब जायेगा। इसके अलावा वर्ष 2035 तक 10 में से 8 द्वीपों को 80 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। यह जानकारी आईआईटी खड़गपुर के महासागर इंजीनियरिंग वैज्ञानिकों द्वारा किये गये एक सर्वे में दी गई है। वैज्ञानिकों ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से समुद्र का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे लक्षद्वीप के द्वीपों के डूबने की स्थिति निर्मित हो रही है।

29 जून

भारतीय उच्च शिक्षा आयोग का जल्द होगा गठन

● देश में उच्च शिक्षा से संबंधित अलग-अलग नियामकों को केंद्र सरकार भारतीय उच्च शिक्षा आयोग जैसे एक नियामक के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है। शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय उच्च शिक्षा आयोग का ढांचा तय कर लिया है। इसे अब सिर्फ संसद की मंजूरी मिलना शेष है। इस प्रस्तावित आयोग के तहत चार स्वतंत्र संस्थाएं गठित होंगी। इनमें से एक राष्ट्रीय उच्च शिक्षा विनियामक परिषद होगी, जो उच्च शिक्षा के लिये एक विनियामक की तरह काम करेगी, वहीं दूसरी संस्था राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद होगी, जो नैक की जगह लेगी और उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन करेगी। तीसरी संस्था उच्चतर शिक्षा अनुदान परिषद होगी, जो उच्च शिक्षण संस्थानों की फंडिंग का काम देखेगी, वहीं चौथी संस्था सामान्य शिक्षा परिषद होगी, जो नये-नये शिक्षा कार्यक्रमों को तैयार करने और उन्हें लागू करने का काम देखेगी। उल्लेखनीय है कि अभी देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 14 नियामक काम करते हैं, इनमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भी शामिल है।

● चीन ने विश्व का सबसे बड़ा हाइड्रोपॉवर संयंत्र बनाने का दावा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन ने इस संयंत्र को वैहेतन नाम दिया है। इस हाइड्रोपॉवर संयंत्र में 10 लाख किलोवॉट क्षमता का जनरेटर लगा है, जो लगभग 50 मीटर ऊंचा है और 8 हजार टन वजनी है। जानकारों के अनुसार यह जनरेटर एक परिवार को 400 वर्षों तक बिजली आपूर्ति करने में सक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार इस हाइड्रोपॉवर संयंत्र में 16 जनरेटिंग सिस्टम लगे हैं, जिससे हर साल 62 अरब किलोवॉट बिजली का उत्पादन किया जायेगा। रिपोर्ट के अनुसार वैहेतन हाइड्रोपॉवर संयंत्र दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन और युन्नान प्रांत की सीमा पर यांग्त्जी नदी पर स्थापित किया गया है।

● केंद्र सरकार ने अटार्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल को दूसरी बार सेवा विस्तार दिया है। सरकार ने वेणुगोपाल का कार्यकाल एक वर्ष के लिये बढ़ा दिया है। वेणुगोपाल अब 30 जून 2022 तक अटार्नी जनरल के पद पर बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट में वेणुगोपाल द्वारा की जा रही हाई प्रोफाइल मामलों की पैरवी तथा उनके वार अनुभवों को देखते हुये सरकार ने उनकी सेवा विस्तार का फैसला किया है।

30 जून

मॉडर्ना की कोरोना वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल की मिली मंजूरी

● भारत के दवा नियामक ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने अमेरिकी दवा कंपनी मॉडर्ना की बनाई कोरोना वैक्सीन को भारत में इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी प्रदान की है। इसके अलावा डीजीसीआई ने भारतीय दवा कंपनी सिप्ला को देश में मॉडर्ना की वैक्सीन आयात और मार्केटिंग करने की मंजूरी भी दी है। यह जानकारी कोविड टॉस्क फोर्स के प्रमुख डॉ. वी.के. पॉल ने दी। डॉ. पॉल ने बताया कि कोविशील्ड, कोवैक्सीन और स्पूतनिक-वी के बाद मॉडर्ना चौथी वैक्सीन है, जिसे भारत में इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि एक अन्य अमेरिकी वैक्सीन फाइजर को भी जल्द ही इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दिये जाने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि मॉडर्ना की वैक्सीन को माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पर सात महीने तक रखा जा सकता है, वहीं 2 से 8 डिग्री सेल्सियस पर इस वैक्सीन को एक महीने रखा जा सकता है।

● ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और एस्ट्राजेनेका द्वारा बनाई गई कोरोना वैक्सीन का तीसरा डोज 10-11 महीने के अंतराल पर देने से वायरस के खिलाफ मजबूत प्रतिरक्षा पैदा होती है। यह जानकारी ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किये गये एक अध्ययन में दी गई है। मेडिकल रिसर्च पत्रिका 'द लैंसेट' में छपी अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार क्लीनिकल ट्रायल के दौरान वॉलेंटियर्स में वैक्सीन की तीसरी डोज से मजबूत प्रतिरोधक क्षमता विकसित पाई गई है। इस नतीजे से अनुमान लगाया गया है कि कोरोना वायरस के खिलाफ मजबूत प्रतिरक्षा के लिये लोगों के पास वैक्सीन के तीसरे डोज का विकल्प है।

1 जुलाई

डीजीसीए ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर रोक 31 जुलाई तक बढ़ाई

● नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर लगे प्रतिबंध की समय-सीमा में एक बार फिर वृद्धि की है। अब यह प्रतिबंध 31 जुलाई 2021 तक लागू रहेगा। डीजीसीए द्वारा जारी एक नोटिफिकेशन में प्रतिबंध बढ़ाने की जानकारी दी गई है। डीजीसीए ने कहा कि यह रोक उन अंतर्राष्ट्रीय कार्गो उड़ानों पर लागू नहीं होगी, जिन्हें डीजीसीए ने अनुमति दी है। हालांकि कुछ चुनिंदा रूट्स पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को अनुमति दी जा सकती है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के कारण डीजीसीए ने पिछले वर्ष मार्च में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू यात्री उड़ानों पर रोक लगाई थी, हालांकि मई 2020 में कुछ शर्तों के साथ घरेलू उड़ानें बहाल कर दी गई थीं।

● सुप्रीम कोर्ट ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) को निर्देश दिये हैं कि वे उन छात्रों को ऑप्ट आउट ऑप्शन की सुविधा दे, जिनका परीक्षा केंद्र एकाएक बदल गया हो, भले ही नया परीक्षा केंद्र उसी शहर में क्यों न हो। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आईसीएआई को उन छात्रों को भी ऑप्ट आउट ऑप्शन उपलब्ध कराने को कहा है, जिन्हें स्वयं या उनके परिवार को कोरोना हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वजह से अगर कोई विद्यार्थी परीक्षा में बैठने में असमर्थ है या वह तैयारी नहीं कर पाया है, तो विद्यार्थी परीक्षा से हट सकता है।

● ब्रिटेन में पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। ब्रिटेन ने वर्ष 2020 में भारतीय विद्यार्थियों को 56 हजार से ज्यादा वीजा जारी किये हैं, जो वर्ष 2019 की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक हैं। यह जानकारी ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने 'ग्लोबल लीडरशिप विमन फर्स्ट-रेडिकल एक्शंस इन द पोस्ट पेन्डेमिक एरा' विषय पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुये दी। प्रीति पटेल ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद ब्रिटेन ने ज्यादा वीजा जारी किये हैं, हम चाहते हैं कि भारतीय छात्रों को ब्रिटेन में पर्याप्त अवसर मिलें।

2 जुलाई

कोविशील्ड को नौ यूरोपीय देशों ने ग्रीन पासपोर्ट सूची में किया शामिल

● भारतीय कोरोनारोधी वैक्सीन कोविशील्ड को नौ यूरोपीय देशों ने मंजूरी प्रदान की है। इन देशों में स्पेन, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवेनिया, ग्रीस, स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, आयरलैंड और एस्टोनिया शामिल है। इन देशों ने कोविशील्ड को ग्रीन पासपोर्ट सूची में शामिल किया है। अब कोविशील्ड लगवा चुके भारतीय इन देशों की बिना किसी रुकावट के यात्रा कर सकेंगे। एस्टोनिया ने कोविशील्ड के साथ-साथ भारत सरकार द्वारा अधिकृत सभी वैक्सीनों को मान्यता प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ द्वारा भारत में निर्मित कोविशील्ड और कोवैक्सीन को डिजिटल कोविड सर्टिफिकेट में शामिल नहीं किये जाने पर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति जाहिर की थी। सरकार ने यूरोपीय संघ को गिव एंड टेक फॉर्मूला दिया था। इस फॉर्मूले के तहत अगर यूरोपीय संघ भारतीय वैक्सीन को प्रमाणित करता है, तो भारत भी यूरोपीय नागरिकों के डिजिटल कोविड सर्टिफिकेट को वीजा देने में प्राथमिकता देगा अन्यथा भारत आने वाले यात्रियों को 14 दिन क्वारेंटाइन किया जायेगा।

● विश्व में कोरोना के डेल्टा वैरिएंट का कहर बढ़ता जा रहा है। यह वायरस तेजी से फैल रहा है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दी। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि डेल्टा वैरिएंट 96 देशों तक पहुंच चुका है। डब्ल्यूएचओ ने आगाह किया कि यह वायरस आने वाले महीनों में विश्वभर में हावी हो सकता है। वायरस के इस स्वरूप की पहचान के लिये जिनोम सीक्वेंसिंग क्षमताएं सीमित हैं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेबरेसस ने कहा कि अब तक कोरोना के जितने वैरिएंट की पहचान हुई है, उनमें से डेल्टा सबसे संक्रामक है। यह वैरिएंट उन लोगों में तेजी से फैल रहा है, जिन्हें कोरोना वैक्सीन नहीं लगी है।

● विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया को कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) बेहद आसान बना देगा। यह बात केंद्रीय कार्मिक और प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कही। डॉ. सिंह ने कहा कि सीईटी से न केवल विभागों बल्कि अभ्यर्थियों को भी लाभ होगा और प्रत्येक अभ्यर्थी को बराबर मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पहले कई बार एक ही दिन में एक से अधिक संगठनों की भर्ती परीक्षाएं होती थीं, इससे परीक्षार्थियों को दिक्कत होती थी। अब सीईटी बनने से एक ही भर्ती परीक्षा होगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 27 05.07.2021 से 11.07.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

बारहवीं कक्षा के रिजल्ट का फॉर्मूला तय

मध्यप्रदेश में कक्षा बारहवीं के अंकों का निर्धारण कक्षा दसवीं के विभिन्न विषयों में प्राप्त अंकों के बेस्ट ऑफ फाइव के आधार पर किया जायेगा। यदि विद्यार्थी परिणाम सुधारना चाहते हैं, तो वे परीक्षा देकर परिणाम सुधार सकते हैं। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री प्रदेश में शासकीय और निजी शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों में कोविड-19 के दौरान भविष्य की रणनीति के संबंध में गठित मंत्री समूह की अनुशंसाओं पर भोपाल स्थित मंत्रालय में चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक जुलाई से स्कूल नहीं खुलेंगे। ऑनलाइन और टी.वी. के माध्यम से ही पढ़ाई की व्यवस्था जारी रहेगी। स्कूल खोलने के महत्वपूर्ण निर्णय के संबंध में केंद्र सहित अन्य राज्यों और विशेषज्ञों से चर्चा कर निर्णय लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ऑनलाइन और हाइब्रिड आधार पर अर्थात् वॉट्सएप और डिजिटल संसाधनों और टी.वी. आदि के माध्यम से भी शैक्षणिक गतिविधियां जारी रहेंगी। क्लस्टर स्तर पर टी.वी. उपलब्ध कराने और शाला स्तर पर डिवाइस पूल बनाने जैसी गतिविधियां संचालित की जायें। जनजातीय क्षेत्रों में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में दूरदर्शन से सहयोग लिया जायेगा। मंत्री समूह द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र में संस्थाएं खोले जाने के संबंध में सभी हितग्राहियों जैसे-विद्यार्थी, पालक, संस्था, शिक्षकों और आम नागरिकों से सुझाव प्राप्त अनुशंसायें प्रस्तुत की गईं। प्राप्त अनुशंसाओं के अनुसार शिक्षकों का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराया जायेगा। शैक्षणिक संस्थाओं में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगे। शिक्षण संस्थाओं को कोरोना से सुरक्षित बनाने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जायेंगी। मंत्री समूह के प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि तकनीकी शैक्षणिक संस्थाओं में नवीन सत्र का शुभारंभ द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष की इंजीनियरिंग कक्षाओं के लिये दो अगस्त से होगा। प्रथम वर्ष की इंजीनियरिंग की कक्षाएं 15 सितम्बर से आरंभ होंगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की डिप्लोमा की कक्षाएं 17 अगस्त से, आईटीआई की द्वितीय वर्ष की कक्षाएं 12 जुलाई से और आईटीआई की प्रथम वर्ष की कक्षाएं 16 अगस्त से प्रारंभ होंगी। प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग में प्रवेश जेईई मेंस तथा मध्यप्रदेश हायर सेकेण्डरी बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा परिणाम के आधार पर होगा। प्रथम वर्ष डिप्लोमा में प्रवेश के लिये हाईस्कूल परीक्षा परिणाम को आधार माना जायेगा। आईटीआई की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूर्ण कर ली जायेगी। पैरामेडिकल सर्टिफिकेट परीक्षाएं जुलाई महीने में ली जायेंगी। बीएससी एवं एमएससी नर्सिंग की परीक्षाएं मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई महीने में आयोजित की जायेंगी। मेडिकल एवं दंत चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये राज्य सरकार द्वारा नीट, यूजी/पीजी की परीक्षा के बाद सत्र शुरू किया जायेगा। कक्षाएं ऑफ लाइन पद्धति से संचालित होंगी। कोरोना महामारी की तीसरी लहर की तैयारी के तहत शुरू से 15 दिन में विद्यार्थियों को कोरोना महामारी प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जायेगी। मंत्री समूह द्वारा अनुशंसा की गई है कि आयुष से संबंधित संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के प्रवेश नीट परीक्षा 2021 के परीक्षा परिणाम के बाद ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से सम्पन्न कराये जायेंगे। आयुष पाठ्यक्रम की कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन मोड में जारी रहेगा। क्लीनिकल विषय के लिये कैंपस में भौतिक रूप से छात्रों के 6-6 के समूह बनाकर उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। आयुष के अंतर्गत समस्त परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में संचालित की जायेंगी। बीएएमएस की परीक्षाएं 7 जुलाई से 25 अगस्त तक आयोजित की जायेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि समस्त शैक्षणिक गतिविधियों में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण और शैक्षणिक परिसरों में कोविड अनुकूल व्यवहार के अनुसरण की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाये। जिनका वैक्सीनेशन नहीं होगा, उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

इंसानी दखल से कम हो रही है व्हेल की लंबाई

एक शोध में यह बताया गया है कि अब जन्म लेने वाली उत्तरी अटलांटिक व्हेल मछली की लंबाई तीन फीट तक कम हो रही है। अभी हाल ही में बॉयोलॉजी जर्नल में छपे एक शोध के अनुसार जलवायु परिवर्तन और बढ़ती इंसानी गतिविधियां इसका प्रमुख कारण हैं। इसकी पुष्टि इस नये शोध से होती है। शोधकर्ताओं ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक में मौजूद व्हेल मछलियों का आकार करीब 30 साल पहले मिलने वाली मछलियों की तुलना में काफी सिकुड़ गया है। इनमें तीन फीट तक की कमी आई है, जो कि औसत आकार का करीब सात फीसदी होता है। यह व्हेल मछली दुनिया की सबसे तेज लुप्त होने वाली प्रजातियों में भी शामिल है। इन मछलियों को बचाने के लिये किये जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद भी इनकी संख्या में भारी गिरावट देखने को मिली है। समुद्र में बढ़ते शोर और इंसानी गतिविधियों ने इनके लिये और ज्यादा खतरा पैदा कर दिया है। बीसवीं शताब्दी में लोग ऐसा मानते थे कि उत्तरी अटलांटिक में व्हेल मछली की तादाद लगभग पांच हजार के करीब है। 1980 में इनकी संख्या में गिरावट दर्ज की गई। कैलिफोर्निया में नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने अपने रिमोट द्वारा संचालित ड्रोन कैमरों और हवाई फोटोग्राफी की मदद से पिछले 20 साल में कई फोटोग्राफ लिये हैं। इसमें देखा गया है कि इनकी लंबाई में कमी आ रही है। शोध के अनुसार यह समुद्री जीव औसतन 46 फीट तक बढ़ते थे। अब इनकी औसत लंबाई घटकर 43 फीट रह गई है। कैलिफोर्निया के लोजोला में नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फोरिक एडमिनिस्ट्रेशन के डॉक्टर जोशुआ स्टीवर्ट का कहना है कि जितना हम सोच भी नहीं सकते उससे ज्यादा व्हेल मछली की लंबाई में कमी आई है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे 1 जुलाई

कोरोना से निर्णायक लड़ाई में अहम भूमिका निभा रहे हैं डॉक्टर्स

समूचे विश्व में जिन पेशों को प्रतिष्ठापूर्ण और सम्मान्य माना जाता है उनमें डॉक्टर्स का पेशा अग्रगण्य है। विश्व में कोरोना संक्रमण की पहली और दूसरी लहर में कोरोना संक्रमण से जनसामान्य को बचाने में तो डॉक्टर्स कोरोना योद्धा के रूप में अपनी अहम पहचान बना चुके हैं। संकट के इन क्षणों में कोरोना से निर्णायक लड़ाई में अहर्निश सन्नद्ध रहे डॉक्टर्स, जिन्हें पहले अपने इस महान पेशे (नोवल प्रोफेशन) के कारण प्रणम्य यानी प्रणाम योग्य माना जाता था अब कोरोना महामारी से पीड़ितों की प्राणरक्षा में अपने प्राणों को भी दांव पर लगाने के कारण स्तुत्य यानी स्तुति योग्य हो गये हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टर्स ने गहन शोध से कई बड़ी बीमारियों की रोकथाम और उनके उपचार के महान कार्य किये हैं। अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण, कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, लगन और उनके सेवाभाव को सम्मान देने के लिए और उनके अवदान की सराहना और उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के लिये ही प्रतिवर्ष 01 जुलाई को समूचे विश्व में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों एक वेबिनार में कहा कि कोरोना महामारी से बचाव में डॉक्टर्स की शोधपूर्ण सलाह और कोरोना के उपचार के लिए उनके अथक प्रयास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और उनके इस अवदान के बिना देश और समूचे विश्व में कोरोना महामारी पर नियंत्रण सम्भव ही नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी जान को जोखम में डालकर कोरोना पीड़ितों को बचाने में सन्नद्ध डॉक्टर्स सही मायनों में कोरोना योद्धा हैं।

डॉ. बिधानचन्द्र राय की स्मृति में मनाया जाता है – डॉक्टर्स डे

भारत में डॉक्टर्स डे की शुरुआत वर्ष 1991 में भारत सरकार द्वारा की गई थी। तब से हर साल जुलाई की पहली तारीख राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के रूप में पहचानी जाती है। इस दिन को समूचे भारत में महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचन्द्र रॉय की स्मृति में डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्र उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता है। डॉ. बिधानचन्द्र रॉय का जन्म 01 जुलाई 1882 को बिहार के पटना शहर में हुआ था और इसी दिन अस्सी साल बाद 1962 में कोलकाता में इनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कलकत्ता से अपना मेडिकल स्नातक का कोर्स पूरा करने के पश्चात वर्ष 1911 में लंदन से एम.आर.सी.एस. और एफ.आर.सी.एस. डिग्री हासिल की और भारत वापस आकर उसी वर्ष उन्होंने एक चिकित्सक के रूप में अपना मेडिकल कॅरियर शुरू किया। वे देश के एक प्रसिद्ध चिकित्सक और प्रसिद्ध शिक्षाविद् के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। उन्होंने महात्मा गांधी के द्वारा शुरू किये गये आंदोलनों में हिस्सा लिया था और उनके द्वारा किये गये अनशन में उनकी देखभाल भी की थी। वर्ष 1961 में आपको भारत रत्न पुरस्कार से नवाजा गया था। उनके अवसान के बाद उनकी स्मृति में वर्ष 1976 में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना भी की गई। यह पुरस्कार उन्हें सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए था। ऐसे महान व्यक्तित्व को सम्मान देने और याद करने के लिए ही डॉक्टर्स डे की शुरुआत की गई।

कोरोना से मरीजों को बचाने के लिये ढाल बने हुए हैं डॉक्टर्स

भारत समेत सभी देशों में डॉक्टर और साथी स्वास्थ्यकर्मी मरीजों को कोरोना से बचाने के लिए ढाल बने हुए हैं। वे बारह-बारह घण्टे काम करते हैं, परिवार से दूर रहते हैं और फिर क्वारेंटीन में चले जाते हैं। उनकी जगह कोई और डॉक्टर ले लेता है। यह सिलसिला बिना रुके चल

रहा है। डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के सामने केवल यही चुनौती नहीं है। पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) किट पहनना और उसे उतारना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी किसी सैनिक से कम नहीं हैं वे सीधे कोविड-19 से लड़ रहे हैं।

इन सब चुनौतियों के बावजूद डॉक्टर को अपने सहयोगियों और मरीजों से जो सम्बल मिलता है वह काफी शक्ति देता है। मरीज जब डॉक्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं तो उन्हें नई ऊर्जा मिलती है। कोरोना के उपचार के दौरान मरीज के साथ किसी तीमारदार को साथ न रखने की पाबन्दी के चलते मरीज को नकारात्मकता के कठिन दौर से निकालकर सकारात्मकता की ओर लाने का बड़ा काम भी डॉक्टर्स को करना पड़ रहा है। डॉक्टर्स को कोरोना मरीज के उपचार के लिये डॉक्टर के साथ-साथ अभिभावक और काउंसलर की भूमिका भी निभानी पड़ती है, जो आसान काम नहीं है मगर डॉक्टर्स ने यह भूमिकाएं बड़ी कुशलता से निभाई। इतना ही नहीं नित नये रूप धारण करने वाले कोरोना वायरस से उपलब्ध उपचार की सहायता से इलाज की बड़ी जिम्मेदारी भी डॉक्टर्स निभा रहे हैं। चुनौतियां अनन्त हैं मगर डॉक्टर्स भी हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं और ऐसे में डॉक्टर्स दिवस पर आईये उनकी हौसला अफजाई करें।

डॉक्टर्स की भूमिका पर विमर्श इस दिन का प्रमुख एजेण्डा होता है

एक नागरिक और एक स्वस्थ व्यक्ति के रूप में अपने परिवार, अपने समाज, अपने देश और मानव मात्र के लिये अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये हर व्यक्ति को स्वस्थ रहना होता है और उसके स्वस्थ रहने की इस जरूरत को पूरा करने में उस व्यक्ति के जीवन में डॉक्टर की अहम भूमिका होती है। स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हुए डॉक्टर्स मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समूची गंभीरता के साथ पूरा करते हैं, ऐसे में उनका सम्मान हमारे लिए गर्व की बात होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने डॉक्टर्स के सम्मान के लिये एक दिन मुकर्रर किया और डॉक्टर्स की भूमिका पर विमर्श ही इस दिन का प्रमुख एजेण्डा होता है। डॉक्टर्स की भूमिका के प्रति एक जागरूकता अभियान के रूप में यह आयोजन शुरू किया गया था। यह एक वार्षिक उत्सव है, जो आम लोगों को डॉक्टर्स की भूमिका, महत्व एवं उनके द्वारा की गई अनमोल देखभाल के बारे में जागरूक होने में मदद करता है। डॉक्टर्स के अवदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का यह वार्षिक उत्सव सभी डॉक्टर्स के लिए प्रोत्साहन का दिन होता है। जागरूकता अभियान के स्वरूप में यह दिन सभी डॉक्टर्स को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जिम्मेदारी के निर्वहन के प्रति सचेत भी करता है और जीवन रक्षा के ध्येय के प्रति समर्पण की प्रेरणा भी देता है। यह दिन उनके प्यार, स्नेह और रोगियों की अनमोल देखभाल के प्रति उनके समर्पण भाव के लिए धन्यवाद देने का दिन होता है, इसलिए इस दिन को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

बहुआयामी आयोजन के साथ मनाया जाता है डॉक्टर्स डे

डॉक्टर्स के अमूल्य योगदान से परिचित होने और उनके अवदान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये विभिन्न व्यक्ति और संगठन इस दिन कई आयोजन करते हैं। मुख्य रूप से सरकारी और निजी स्वास्थ्य संगठनों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। विभिन्न सामाजिक एवं कल्याण संगठनों और रोटरी क्लब द्वारा भी यह दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर्स डे पर हर साल भव्य आयोजन होता है। इस दिन चिकित्सा पेशे से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे स्वास्थ्य जांच, इलाज, रोकथाम, रोग का उचित उपचार आदि मुद्दों पर व्यापक चर्चा और गहन विमर्श करने से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस दिन स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले संगठनों द्वारा कई स्वास्थ्य केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता के लिए कुछ चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किये जाते हैं, जो बिलकुल मुफ्त होते हैं। इसके अलावा इस दिन गरीबों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच स्वास्थ्य की स्थिति, स्वास्थ्य को लेकर जरूरी विमर्श, स्वास्थ्य के लिये पोषण से जुड़ी सलाह और पुरानी बीमारियों के प्रति जागरूकता का आकलन करने के लिए जनरल स्क्रीनिंग टेस्ट शिविर भी आयोजित किये जाते हैं। हर किसी के जीवन में डॉक्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में उसे जागरूक करने के लिये मुफ्त में ब्लड टेस्ट, रैंडम शुगर टेस्ट, ईसीजी, ईईजी, ब्लड प्रेशर चेकअप आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। युवा छात्रों को डेडीकेटेड मेडिकल प्रोफेशन की तरफ प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के स्तर पर कुछ गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, मेडिकल टॉपिक्स पर चर्चा, क्विज़ प्रतियोगिता, खेल गतिविधियां, मेडिकल प्रोफेशन को मजबूत और अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए नई और प्रभावी शैक्षिक रणनीतियां लागू करना एवं क्रिएटिव ज्ञान के लिए छात्रों को वैज्ञानिक उपकरण का लाभ पहुँचाने की बात भी की जाती है। कोरोना महामारी के चलते पिछले दो साल से चुनिन्दा वर्चुअल आयोजन ही हो रहे हैं। हर साल जुलाई की एक तारीख को अधिकतर मरीज अपने डॉक्टर्स को धन्यवाद करते हुए उन्हें ग्रीटिंग कार्ड्स, प्रशंसा कार्ड, ई कार्ड्स, फूलों के गुलदस्ते, मेल के माध्यम से ग्रीटिंग मैसेज आदि देते हैं। स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों, नर्सिंग होम या डॉक्टर्स द्वारा घरों पर विशेष मीटिंग, पार्टी एवं डिनर का आयोजन किया जाता है, ताकि मेडिकल प्रोफेशन के लिए डॉक्टर्स के दिन और उनके योगदान के महत्व को याद किया जा सके। इस तरह से इस विशेष दिन को अलग-अलग तरह के आयोजन के साथ मनाया जाता है।

दो साल से डॉक्टर्स डे की थीम कोरोना से जुड़ी है

भारत में इस दिन का आयोजन भारतीय चिकित्सा परिषद (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) द्वारा किया जाता है। आईएमए के अनुसार वर्ष 2020 और वर्ष 2021 का डॉक्टर्स डे का विशेष महत्व है। आईएमए और स्थानीय शाखा के प्रत्येक सदस्य स्थानीय क्षेत्र में नेतृत्व करते हैं और वर्तमान स्थिति (कोविड-19 महामारी) में बदलाव लाते हैं। वर्ष 2020 का डॉक्टर्स डे उन असंख्य डॉक्टरों को समर्पित है, जो प्राथमिक और द्वितीयक देखभाल सेटअप के साथ-साथ समर्पित कोविड केयर सेंटर में इस महामारी के दौरान सेवा कर रहे हैं। यह एक समय है कि हर एक प्रयास मायने रखता है। वर्ष 2020 की डॉक्टर्स डे की थीम कोविड-19 की मृत्यु दर को कम करना है। इसमें स्पर्शोन्मुख यानी असिम्प्टमेटिक हाइपोक्सिया और शुरुआती एग्रेसिव थेरेपी के बारे में जागरूकता भी शामिल है। इस वर्ष की डॉक्टर्स डे की थीम भी कोरोना से सन्दर्भित हैं जिसमें कहा गया है- 'आओ विश्व को बेहतर और स्वस्थ बनाएं।'

राजा दुबे

(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

OFFICE OF THE FIELD DIRECTOR
PANNA TIGER RESERVE
Panna, Madhya Pradesh, (India)
Phone No. : +917732-252135 (O), Fax : +917732-252120
E-mail : fdpnp.pna@mp.gov.in, Website : www.pannatigerreserve.in

पन्ना टाईगर रिजर्व

विज्ञप्ति

पन्ना टाइगर रिज़र्व पन्ना के अन्तर्गत 01 फील्ड बायोलॉजिस्ट (Field Biologist) की 01 के लिए संविदा पर निश्चित वेतन 31000/- प्रतिमाह तथा मकान किराया भत्ता में नियुक्त किये जाने हेतु निम्नलिखित अर्हता रखने वाले उम्मीदवार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निर्धारित आवेदन पत्र **दिनांक 20.07.2021 तक** स्वयं या रजिस्टर्ड ए.डी. के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त आवेदनों को कार्यवाही में सम्मिलित किया जावेगा तथा निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। पात्र आवेदकों को साक्षात्कार के दिनांक की सूचना पृथक से दी जावेगी।

अर्हता -

1. **शैक्षणिक योग्यता** - Post Graduation (PG) Degree in Basic Science, Environmental Science with NET qualification or any other National Level Examination Conducted by central Govt. Departments and Theri agencies and institutions as DST, DBT, DAE, DCS, DRDO, NHRD, ICMR, IIT, ITSc, IISER etc or Graduation Degree in Professional Course with NET qualification or Post Graduate Degree in Professional Course.

आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदक का नाम : .....
2. पिता का नाम : .....
3. निवास का पता : .....
   स्थाई पता : .....
   वर्तमान पता : .....
4. जन्मतिथि : .....
5. शैक्षणिक योग्यता : .....
   (प्रमाण-पत्र संलग्न करें)
6. जाति : .....
   (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ के उम्मीदवार प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
7. अनुभव : .....
   (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. मोबाइल नम्बर : .....
9. आधर कार्ड नम्बर : .....
   (छायाप्रति संलग्न करें)
10. मूल निवास प्रमाण-पत्र संलग्न करें : .....

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि, मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है यदि दी गई उपरोक्त जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरी पात्रता रद्द कर दी जावे।

आवेदक के हस्ताक्षर

उप संचालक, पन्ना टाइगर रिज़र्व पन्ना (म.प्र.)

टीप :- कोरोना वायरस (Covid-19) की गाईड लाईन का पालन करते हुये सोशल डिसटेंसिंग एवं मास्क लगाना सुनिश्चित करें।

जी-13915/45634/2021

कार्यालय संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास ग्वालियर संभाग ग्वालियर

क्रमांक/मवाबि./आईसीडीएस-02/2021/1046-47 **ग्वालियर, दिनांक : 21.06.2021**

मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन आवेदन आमंत्रण सूचना

ग्वालियर संभाग में संचालित एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं में 125 पद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, 186 पद आंगनवाड़ी सहायिका एवं 14 पद मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिए पात्र महिला अभ्यार्थियों से निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	जिले का नाम	परियोजना का नाम	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या	आंगनवाड़ी सहायिका पद संख्या	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या
1.	ग्वालियर	एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-01	02	05	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-02	03	03	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-03	01	03	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-04	01	11	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी क्रमांक-05	02	07	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना मुरार	03	04	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना डबरा-01	08	05	02
		एकीकृत बाल विकास परियोजना डबरा-02	05	04	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना गिर्द	03	09	02
		एकीकृत बाल विकास परियोजना भितरवार	08	10	-
2.	शिवपुरी	एकीकृत बाल विकास परियोजना शिवपुरी ग्रा.	03	04	01
		एकीकृत बाल विकास परियोजना पोहरी	10	03	04
		एकीकृत बाल विकास परियोजना पिछोर	05	05	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना करैरा	04	07	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना नरवर	02	09	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना बदरवास	01	07	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना खनियाधाना	01	02	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना शिवपुरी शहरी	01	-	-
		एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कोलारस	07	04	01
3.	गुना	एकीकृत बाल विकास परियोजना गुना शहरी	03	02	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना गुना ग्रामीण	05	04	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना बमौरी	02	09	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना आरौन	01	05	02
		एकीकृत बाल विकास परियोजना राघौगढ़	06	03	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना चाचौड़ा	02	02	01
4.	अशोकनगर	एकीकृत बाल विकास परियोजना अशोकनगर शहरी	-	01	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना ईसागढ़	04	05	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना अशोकनगर ग्रामीण	07	09	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना चंदेरी	03	08	
		एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगावली	01	03	
5.	दतिया	एकीकृत बाल विकास परियोजना भांडेर	01	04	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना इंदरगढ़	06	03	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना दतिया शहरी	04	04	01
		एकीकृत बाल विकास परियोजना दतिया ग्रामीण-1	06	09	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना दतिया ग्रामीण-2	02	04	-
		एकीकृत बाल विकास परियोजना सेंवढ़ा	02	06	-
		कुल योग	**125**	**186**	**14**

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों की नामवार सूचनी एवं नियम निर्देश शर्तें आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हताएं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। जिस ग्राम/वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम की एवं शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिए। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवसों में समय 05.00 बजे तक **दिनांक 16.07.2021 तक** जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।

संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास
ग्वालियर संभाग ग्वालियर

जी-13892/45635/2021

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 799/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 14.06.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.07.2021 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_148214_1	**टर्न की पद्धति पर** :- 3170 हेक्टेयर सी.सी.ए. में पाईप नहर प्रणाली द्वारा 01 हेक्टेयर चक तक प्रेविटी फ्लो से सिंचाई करने हेतु हरसी उच्च स्तरीय नहर की आर.डी. 100.670 कि.मी. से निकले वाली टिकटोली डिस्ट्रीब्यूटरी का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	ग्वालियर	4965.00

जी-13913/45633/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 798/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 23.06.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.07.2021 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_148198_1	चकेरीघाट स्टापडेम कम काजवे शेष निर्माण कार्य।	दमोह	382.39
2.	2021_WRD_148199_1	एस.डी.एम.एफ. मद के अन्तर्गत पंढरीनाथ घाट से इमली घाट एवं सत्यनारायण मंदिर का रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य।	खरगोन	109.29
2.	2021_WRD_148200_1	एस.डी.एम.एफ. मद के अन्तर्गत धमोई तालाव पर शुटफाल निर्माण कार्य।	खरगोन	810.80

जी-13901/45636/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)
शिल्पी प्लाजा "ए" ब्लाक तीसरी मंजिल रीवा

E-mail : jdwcdrew@mp.gov.in, Phone : 07662-292759

क्रमांक/संयु.संचा./मवाबि/आईसीडीएस/2021/713 **रीवा, दिनांक 24.06.2021**

विज्ञप्ति

मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं/ मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक/3440/1784/2019/50-2 (ए.एन.) भोपाल दिनांक 21.08.2019 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार रीवा संभाग के जिलों में संचालित महिला एवं बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

स.क्र.	जिला	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या	आंगनवाड़ी सहायिका पद संख्या	मिनी आंगनवाड़ी पद संख्या	जिला कार्यालय का सम्पर्क नम्बर
1.	रीवा	14	34	-	07662-256857
2.	सतना	27	22	02	07805-234703
3.	सीधी	16	16	02	07822-250302
4.	सिंगरौली	09	13	-	07805-233062
	योग	**66**	**85**	**04**	

- आंगनवाड़ी केन्द्रवार/ग्रामवार/वार्डवार वास्तविक रिक्त पद की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन पत्र का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन-पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित जिले की बाल विकास परियोजना कार्यालय में **दिनांक 16.07.2021 को सायं 05.00 बजे तक कार्यालय** दिवस में निर्धारित प्रारूप में जमा कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक नियम/निर्देश आदि की जानकारी विभागीय वेबसाइट/ऑनलाइन पोर्टल, जिला कार्यालय एवं संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।
- संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास रीवा संभाग रीवा के पते पर प्रेषित आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
- रिक्त पदों एवं अन्य किसी विस्तृत जानकारी के संबंध में संबंधित जिला कार्यालय के दूरभाष पर जो विज्ञप्ति के अंतिम कालमों में अंकित है पर संपर्क किया जा सकता है।
- जिलेवार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/आंगनवाड़ी सहायिकाओं/मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि होना संभव है। परियोजना अन्तर्गत अंतिम रूप से वास्तविक रिक्त पदों की संख्या एवं स्थान की जानकारी संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जावेगी।

संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास, रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)

जी-13912/45632/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/2021-22 **शाजापुर, दिनांक : 25.06.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
1.	148381	शाजापुर	मार्ग निर्माण	आगर-सागरपुर मार्ग से मण्डोदा करजू मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. में मजबूतीकरण का कार्य।	प्रथम	183.32	दस्तावेज ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे।
2.	148382	शाजापुर	मार्ग निर्माण	खेड़ीखाल से दुधाना मार्ग कि.मी. 2 से 4 तक मजबूतीकरण का कार्य।	प्रथम	103.21	
3.	148384	शाजापुर	मार्ग संधारण	उपसंभाग शाजापुर के मक्सी एवं गुलाना सेक्शन के विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	प्रथम	19.50	
4.	148386	शाजापुर	मार्ग संधारण	उपसंभाग शाजापुर के मो. बड़ोदिया, गुलाना एवं मक्सी सेक्शन के विभिन्न मार्गों में पुलियाओं की मरम्मत का कार्य।	प्रथम	19.50	
5.	148387	शाजापुर	मार्ग संधारण	उपसंभाग शाजापुर में पेंच मरम्मत हेतु मेटल सप्लाय का कार्य।	प्रथम	12.00	
6.	148389	शाजापुर	मार्ग संधारण	उपसंभाग शुजालपुर में पेंच मरम्मत हेतु मेटल सप्लाय का कार्य।	प्रथम	12.00	
7.	148390	शाजापुर	मार्ग संधारण	उपसंभाग शुजालपुर के कालापीपल एवं पोलायकलां सेक्शन में पेंच मरम्मत हेतु मेटल सप्लाय का कार्य।	प्रथम	8.00	
8.	148391	शाजापुर	भवन संधारण	उपसंभाग शाजापुर के मो. बड़ोदिया, मक्सी एवं गुलाना सेक्शन में शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत/ए.आर. एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	प्रथम	15.00	
9.	148392	शाजापुर	भवन संधारण	उपसंभाग शुजालपुर के शासकीय आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत/ ए.आर.एस.आर. एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य।	प्रथम	15.00	
10.	148393	शाजापुर	भवन संधारण	उपसंभाग शाजापुर के शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम	19.50	
11.	148394	शाजापुर	भवन संधारण	उपसंभाग शाजापुर के शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम	19.50	
12.	148396	शाजापुर	भवन संधारण	उपसंभाग शुजालपुर के शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम	15.00	
13.	148397	शाजापुर	भवन संधारण	उपसंभाग शुजालपुर के शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम	15.00	
				कुल योग		**456.53**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15.07.2021, 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-13963/45638/2021 **लोक निर्माण विभाग, संभाग शाजापुर (म.प्र.)**

हाथकरघा संचालनालय मध्यप्रदेश
माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर
द्वितीय तल शिवाजी नगर, भोपाल-462016
विज्ञप्ति

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये मध्यप्रदेश में आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के लिये पुनः **अंतिम तिथि 31.07.2021** निर्धारित की गई है। जिसमें भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु शर्तें पूर्व की तरह यथावत रहेगी। इस संबंध में विस्तृत विवरण 04 मई 2021 भोपाल पत्रिका तथा दिनांक (10.05.2021 से 16.05.2021) के रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञप्ति को देखा जा सकता है।

आयुक्त
जी-13954/45637/2021 **हाथकरघा संचालनालय, भोपाल**

कार्यालय आयुक्त
पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मध्यप्रदेश
विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिये छात्रवृत्ति देने के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ये छात्रवृत्तियां शोध उपाधि उपरांत अध्ययन, शोध उपाधि एवं स्नातकोत्तर उपाधि हेतु देय हैं। विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नियम-2007 की सभी शर्तों को अभ्यार्थी को पूर्ण करना होगा। विस्तृत विज्ञापन आवेदन पत्र का प्रारूप व संबंधित नियम वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in से प्राप्त किये** जा सकते हैं।

2. यदि अभ्यर्थी एम.पी. स्कॉलरशिप पोर्टल पर पहले से रजिस्टर्ड है तो पूर्व में प्रदत्त आई.डी. का प्रयोग कर आवेदन ऑनलाइन भरा जाएगा यदि पहले से रजिस्ट्रेशन नहीं है तो नवीन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन ऑनलाइन भर कर प्रिंट लेकर समस्त आवश्यक दस्तावेज स्वयं द्वारा सत्यापित कर संलग्न कर आवेदन की प्रति और दस्तावेज **दिनांक 31.07.2021 तक** हार्ड कॉपी कार्यालय आयुक्त, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण म.प्र. सतपुड़ा भवन, द्वितीय तल 'घ' विंग भोपाल म.प्र. पिनकोड 462004 को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा प्रस्तुत किये जावेंगे। व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त नहीं किये जावेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु **URL - www.scholarshipportal.mp.nic.in** हैं।

आयुक्त
जी-14090/45644/2021 **पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, मध्यप्रदेश**

कार्यालय अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
मेडिकल कॉलेज, जबलपुर

क्रमांक/स्था/राज/21/6533 **दिनांक 29.06.2021**

विज्ञप्ति सूचना

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 1-9/2018/55-2 भोपाल दिनांक 29.06.2018 के परिपालन में इस चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन वर्न यूनिट के अंतर्गत रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सीधी भर्ती द्वारा राज्यस्तरीय रोस्टर का पालन करते हुए चिकित्सकीय संवर्ग के श्रेणीवार पद हेतु निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक 20.07.2021 सायं 05.30 बजे तक** अधिष्ठाता कार्यालय चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर म.प्र. 482003।

चिकित्सकीय संवर्ग

क्र.	पदनाम	अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	ई.डब्ल्यू.एस.	कुल रिक्त पद	वेतन बैण्ड+ग्रेड पे
1.	शल्य चिकित्सक (प्लास्टिक/वर्न/ जनरल सर्जन)	01	-	-	-	-	01	15600-39100+5400 GP
2.	निश्चेतना चिकित्सक	01	01	-	-	-	02	15600-39100+5400 GP
3.	चिकित्सा अधिकारी	02	01	01	-	-	04	15600-39100+5400 GP
	कुल	**04**	**02**	**01**	-	-	**07**	

उपरोक्त चिन्हित पदों में SC - अनुसूचित जाति, ST - अनुसूचित जनजाति, OBC - अन्य पिछड़ा वर्ग, EWS - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।

नोट :- 1. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटायी/बढ़ायी जा सकती है। 2. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट पर **www.nscbmc.ac.in** उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (स्वशासी समिति)
जी-14085/45641/2021 **मेडिकल कॉलेज, जबलपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 3468/तक/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/मुरैना/2021 **दिनांक 28.06.2021**

संशोधन

विषय :- ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की तिथि बढ़ाने बाबत्

अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित निविदाओं के ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की तिथियों में संशोधन किया जाता है।

निविदा सिस्टम क्रमांक 2021_PHED_146914

Key Dates

S. No.	Works Department Stage	Bidder's Stage	DATE Date	DATE Time	Envelopes
1.		Purchase of Tender - Online	**22.07.2021**	17.30	
2.		Bid Submission - Online	**22.07.2021**	17.30	
3.		Submission of (Physical) Online and Date	**22.07.2021**	17.30	Online
4.	Pre Bid Meeting				
5.	Opening of Mandatory Envelope A		**24.07.2021**	11.00	Envelope-A
6.	Opening of Financial Bid Envelope-C		**24.07.2021**	11.00	Envelope-C

Original term deposit receipt of earnest money deposit demand draft for the cost of bid document and affidavit shall be submitted by the bidder so as to reach the office as prescribed in Bid Data Sheet, at least one calendar day before specified start time and date in key dates for opening of technical proposal as per Key dates in Bid Data Sheet.

NOTE - Signature with the Authorization of Executive Engineer PHED MORENA.

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
जी-14071/45640/2021 **खण्ड मुरैना**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

एनआईटी नं. - 20/2021 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./1131 **रीवा, दिनांक 28.06.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

स. क्र.	पोर्टल टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWPIU_ 148934_1	रीवा में जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय हेतु 100 सीटर बालिका छात्रावास (जी प्लस 3) भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	रीवा	321.81	321810.00	15000.00	18 माह वर्षाकाल सहित
2.	2021_PWPIU_ 148947_1	रीवा में जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय हेतु 100 सीटर बालक छात्रावास (जी प्लस 2) भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	रीवा	321.71	321710.00	15000.00	18 माह वर्षाकाल सहित
3.	2021_PWPIU_ 148956_1	तेजस आयुर्वेद संस्थान कैम्पस रीवा में बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	रीवा	29.90	50000.00	5000.00	04 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल **ऑनलाइन दिनांक 30.06.2021 समय 09.00 AM से दिनांक 14.07.2021 समय 6.00 PM** तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-14100/45645/2021 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., रीवा**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ग्वालियर

दूरभाष - 0751-4008851, Email : apdpiugwalior@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक : 12/2021/सा./एपीडी/ग्वालियर, दिनांक 25.06.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाइन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	पीआईयू जिला	ठेके की अनुमानित लागत राशि	अमानत राशि रु.	निविदा फार्म का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने का समय	कार्यालय का नाम जहां भौतिक दस्तावेज जमा किये जा सकते हैं।
1.	2021_PWPIU_148376_1	ओरछा जिला निवाड़ी में 06 ट्रेड आई.टी.आई. कॉलेज भवन, 01 नग एफ-टाईप, 02 नग एच-टाईप, 04 नग आई-टाईप एवं डेवलपमेंट कार्य सहित निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	टीकमगढ़	569.54 लाख	569540/-	20000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	अतिरिक्त परियोजना संचालक, लो.नि.वि. पीआईयू ग्वालियर
2.	2021_PWPIU_148377_1	निवाड़ी जिला निवाड़ी में 03 ट्रेड आई.टी.आई. कॉलेज भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	टीकमगढ़	237.02 लाख	237020/-	15000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
3.	2021_PWPIU_148378_1	बलदेवगढ़ जिला टीकमगढ़ में डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	टीकमगढ़	520.38 लाख	520380/-	20000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
4.	2021_PWPIU_148553_1	हस्तिनापुर मुरार, जिला ग्वालियर में हायर सेकेण्डरी स्कूल में लैब एवं अतिरिक्त कक्षों का सुदृढ़ीकरण कार्य। तृतीय आमंत्रण।	ग्वालियर	70.42 लाख	70420/-	1000/-	08 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
5.	2021_PWPIU_148482_1	ग्राम पार (भितरवार) जिला ग्वालियर में 50 सीटर कन्या छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	ग्वालियर	208.35 लाख	208350/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
6.	2021_PWPIU_148557_1	जनकगंज लश्कर, जिला ग्वालियर में हायर सेकेण्डरी स्कूल में लैब एवं अतिरिक्त कक्षों का सुदृढ़ीकरण कार्य। तृतीय आमंत्रण।	ग्वालियर	70.42 लाख	70420/-	1000/-	08 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
7.	2021_PWPIU_148533_1	बेहट, ब्लॉक मुरार, जिला ग्वालियर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	ग्वालियर	131.00 लाख	131000/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
8.	2021_PWPIU_148642_1	रिनोवेशन/एक्सटेंशन वर्क श्यामलाल पाण्डवीय महाविद्यालय जिला ग्वालियर भवन का निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण।	ग्वालियर	142.71 लाख	142710/-	12500/-	09 माह वर्षाकाल सहित	- तदैव -
		योग लागत		**1949.84 लाख**				

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट **website https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा। (3) ऑनलाइन निविदा सबमिट करने की **अंतिम दिनांक 12.07.2021** (4) तकनीकी बिड खोलने का **दिनांक 13.07.2021**

अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पीआईयू, ग्वालियर

जी-14101/45646/2021

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय
चित्रकूट, सतना (म.प्र.)

Website : www.gramodayachitrakoot.ac.in, Telephone : 07670-265411 & 265516

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक Estate/1014/2021 **दिनांक : 11.06.2021**

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अन्तर्गत पंजीकृत निविदाकारों से लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) के एस.ओ.आर. (Building & Electrical दिनांक 01.12.2020 एवं इस सूचना के प्रकाशन तिथि तक संशोधनों सहित) पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-

निविदा क्र.	कार्य का नाम	जिला	अनुमानित राशि	कार्य की समयावधि
Estate/RUSA/2021/14/e-tendering	Upgradation of Existing Canteen Building (Civil Work)	सतना	Rs. 11,03,360/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)
Estate/RUSA/2021/13/e-tendering	Upgradation of Laboratories (Civil Work)	सतना	Rs. 12,79,096/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)
Estate/RUSA/2021/12/e-tendering	Upgradation of Playground	सतना	Rs. 21,33,156/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)
Estate/RUSA/2021/11/e-tendering	Upgradation of Toilets	सतना	Rs. 7,34,000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)

1. इच्छुक निविदाकार विस्तृत निविदा प्रपत्र **http//mptenders.gov.in** पर देख सकते हैं। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 15.06.2021 को 10.30 AM से क्रय की जा सकती है एवं दिनांक 14.07.2021 05.00 PM तक ऑनलाइन जमा किये जा सकते है। 3. निविदा में संशोधन की सूचना वेबसाइट पर ही प्रकाशित होगी तथा समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना प्रकाशित नहीं की जावेगी।

आर-45657/2021 **कुलसचिव**

कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास जिला-होशंगाबाद

कलेक्ट्रेट परिसर, तवा भवन, कक्ष क्रमांक-एफ 6 होशंगाबाद
फोन नं. : 07574253254, ई-मेल : wcdhos@nic.in

वन स्टॉप सेंटर अंतर्गत मानव संसाधन प्राप्ति हेतु अनुरोध-प्रस्ताव (RFP) आमंत्रण के लिए विज्ञप्ति

हिंसा से प्रभावित एवं संघर्षरत महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थायी - आश्रय, पुलिस-सहायता, विधिक-सहायता चिकित्सकीय-सहायता एवं विधिक/साइको-सोशल परामर्श का सपोर्ट प्रदाय किये जाने के लिए जिला स्तर पर वन स्टॉप सेंटर संचालित किया जा रहा है वन स्टॉप सेंटर्स अंतर्गत शासन द्वारा स्वीकृत मानव संसाधन (केस-वर्कर, परामर्शदाता, आई.टी. वर्करी, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता तथा सुरक्षाकर्मी के पदों) की पूर्ति हेतु द्वारा अशासकीय समाजसेवी संस्थाओं से अनुरोध प्रस्ताव (Request For Proposal) प्राप्त कर, आउटसोर्स के माध्यम से की जाना है।

अतः इच्छुक, अशासकीय समाजसेवी संस्थायें, संस्थाओं की योग्यता, अनुभव, चयन-मापदंड, मानव संसाधन की योग्यता, मानव संसाधन के अनुभव, मानदेय आदि की जानकारी एवं अनुरोध प्रस्ताव (आर.एफ.पी.) प्राप्त करने हेतु विज्ञापन प्रकाशन की दिनसंक से 07 शासकीय कार्य दिवसों की समय-सीमा में अनुरोध प्रस्ताव का प्रारूप विभागीय पोर्टल/वेबसाइट **www.mpwcdmis.gov.in** या कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला होशंगावाद कलेक्ट्रेट परिसर, तवा भवन, कक्ष क्रमांक-एफ 2 होशंगावाद के कार्यालय से (कार्यालयीन समयावधि) में प्राप्त किया जा सकता है। अशासकीय समाजसेवी संस्थायें अपने अनुरोध प्रस्ताव (Request For Proposal) कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला होशंगावाद के कार्यालय में **विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक से 07 शासकीय कार्य दिवसों की समय-सीमा** में जमा करा सकते हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला होशंगाबाद (म.प्र.)

जी-14087/45642/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 04/निविदा/2021-22 **राजगढ़, दिनांक 30.06.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

स. क्र.	टेण्डर नं.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
1.	2021_PWDRB_148831_1	राजगढ़	बी.टी. रिन्यूवल	बी.टी. रिनीवल कार्य मण्डावर भैसाना मार्ग, एन.एच.-12 से कोटरा मार्ग, सोनकच्छ पलासी बंजारी मार्ग, बोड़ा उमरी सेन्दरी मार्ग कुल लम्बाई 27.20 कि.मी.।	तृतीय	236.09	236090/-	4 माह
					योग	**236.09**		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 16.07.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प
संभाग राजगढ़

जी-14089/45643/2021

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

लिंक रोड 3, पत्रकार कॉलोनी के सामने, मेंनिट रोड, भोपाल

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर.एम./म.प्र./2021/10061 **भोपाल, दिनांक : 28.06.2021**

शुद्धिपत्र (Corrigendum)

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्र.-जी-18539/20 के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय संविदा पदों की पूर्ति हेतु 'सेम्स लिमिटेड' के माध्यम से आवेदन आमंत्रित कर नियम पुस्तिका (2021-2022) का प्रकाशन किया गया था। जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2021 निर्धारित की गई थी।

उपरोक्त प्रकाशित संविदा पदों के विज्ञापन में निम्न संशोधन किया जाता है :-

1. उपरोक्त प्रकाशित विज्ञापन में विकासखण्ड कम्युनिटी मोबलाइजर के 90 पदों को तत्काल प्रभाव से अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
2. नियम पुस्तिका (2020-2021) की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश

जी-14040/45639/2021

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

सूचना क्रमांक 01/03/2020, दिनांक 01.07.2021

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2020
राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन की सूचना तथा कोविड-19 के संबंध में दिशा निर्देश

प्रारंभिक परीक्षा तिथि : दिनांक 25.07.2021

01. आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु **"राज्य सेवा परीक्षा - 2020 एवं राज्य वन सेवा परीक्षा - 2020"** का विज्ञापन क्रमांक 03/2020 एवं 04/2020, दिनांक 28.12.2020 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** एवं **www.mppsc.com** पर जारी किया गया है तथा **"रोज़गार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक 04.01.2021 के अंक में भी प्रकाशित किया गया है।
02. उक्त विज्ञापनों में विज्ञापित पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में "राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020" निम्नानुसार दो सत्रों में आयोजित की जा रही है :-

परीक्षा तिथि : 25.07.2021 (रविवार)

प्रश्न पत्र	विषय	समय
प्रथम प्रश्न पत्र :	सामान्य अध्ययन	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक
द्वितीय प्रश्न पत्र :	सामान्य अभिरुचि परीक्षण	अपरान्ह 02.15 बजे से 04.15 बजे तक

03. उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र **दिनांक 12.07.2021** से **www.mponline.gov.in, www.mppsc.nic.in** तथा **www.mppsc.com** पर उपलब्ध रहेंगे।
04. यदि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाला कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा के पूर्व कोविड संक्रमित हो जाता है, तो वह इसकी जानकारी उस जिले के संभागायुक्त/कलेक्टर कार्यालय के परीक्षा प्रभारी/संबंधित केन्द्र अधीक्षक को RTPCR रिपोर्ट के साथ प्रदान करेगा तथा वहां से प्राप्त अनुदेशों का अनुपालन करते हुए निर्दिष्ट परीक्षा केंद्र पर परीक्षा में शामिल होगा।

जी-14103/45647/2021 **परीक्षा नियंत्रक**

नहीं आयेगी कोरोना की तीसरी लहर, जब हर घर से होगी वैक्सीन की पहल

मध्यप्रदेश में बनेगी नई फार्मा नीति - मुख्यमंत्री

जबलपुर, मध्यप्रदेश में कैंसर, ब्लैक फंगस जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए नई फार्मा नीति बनाई जाएगी। गंभीर बीमारियों की सस्ती, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार उच्च गुणवत्ता की दवाएं बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। जबलपुर में कम समय में ब्लैक फंगस के उपचार के लिए आवश्यक एम्फोरेवा-बी का उत्पादन आरंभ होना प्रदेश के लिए आनंद, संतोष और गौरव की बात है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रेवा क्योर लाइफ साइंसेस कंपनी जबलपुर द्वारा ब्लैक फंगस के उपचार के लिए आवश्यक दवा एम्फोरेवा-बी इंजेक्शन के निर्माण के वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर और लंग्स-किडनी-लीवर ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर और आर्थिक रूप से कमर तोड़ देने वाली बीमारियों में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की सहायता के लिए राज्य सरकार नीति बनाने पर विचार कर रही है।

श्री चौहान ने कहा कि ब्लैक फंगस से निपटने के लिए इस इंजेक्शन का उत्पादन प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। रेवा क्योर साइंसेस कंपनी के नाम के साथ रेवा शब्द जोड़ना कंपनी के अपनी जड़ों के साथ जुड़े रहने का प्रतीक है। यह इकाई एंटी कैंसर इंजेक्शन का निर्माण करने वाली मध्यप्रदेश की एकमात्र फार्मा कंपनी है। आधुनिक नैनो टेक्नोलॉजी आधारित इंजेक्शन का उत्पादन और कंपनी का डब्ल्यू.एच.ओ. और यूरोपियन जी.एम.पी. से सर्टिफाइड होना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मंत्र दिया गया है। इस दिशा में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए विकसित रोडमैप में स्वास्थ्य के लिये अधोसंरचना को सुदृढ़ करना शामिल है। प्रदेश ने कोविड के महासंकट में पीड़ित मानवता के असीम कष्टों को देखा है, परन्तु अब स्थिति नियंत्रण में है। तीसरी लहर की आशंका सर्वत्र व्याप्त है। प्रदेश में संक्रमण को नियंत्रण में रखने के लिए टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट और किल-कोरोना अभियान लगातार जारी रहेगा।

अगस्त में तीन हजार छोटी उद्योग इकाइयां प्रारम्भ होंगी

भोपाल, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने उद्यमियों और नव उद्यमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में इस साल अगस्त में 3000 के करीब नई छोटी इकाइयां प्रारम्भ की जाएंगी।

श्री सखलेचा ने 50वें विश्व एमएसएमई दिवस पर शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में बहुत तेज़ी से नए उद्योग स्थापना के कार्य हो रहे हैं। पहले चरण में अप्रैल माह में 1891 इंडस्ट्री शुरू की और अगस्त तक तीन हजार और नए उद्योग सभी इंटरप्रेनर्स के सहयोग से शुरू होने वाले हैं।

श्री सखलेचा ने कहा कि शुभकामनाओं के साथ उद्यमियों को इस बात का भी विश्वास दिलाते हैं कि जब भी आपको जरूरत होगी मध्यप्रदेश सरकार आपके साथ हर कदम पर खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि आज के दिन हम सब मिलकर ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगाकर प्रदेश के लोगों को रोज़गार उपलब्ध कराकर उनके जीवन में आर्थिक उन्नति की नई रोशनी प्रदान करने में सहयोग करेंगे।

गरीब और पिछड़े तबके को आगे लाना हमारा लक्ष्य - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, हमारा लक्ष्य प्रदेश में जो सबसे गरीब, सबसे नीचे और सबसे पीछे हैं, उसे आगे लाना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने विश्व में सुशासन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया तथा उन्हीं के नाम पर इस संस्थान की स्थापना की गई। इसे विश्व स्तरीय सुशासन संस्थान के रूप में विकसित करना है। इसके लिए विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रहे व्यक्तियों और संस्थाओं से निरंतर परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर कार्य किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन संस्थान की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। बैठक में संबंधित मंत्री, संस्थान के उपाध्यक्ष, सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यों का करें अध्ययन

मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंतर अध्ययन करें कि देश-विदेश में कहां सुशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य हो रहे हैं तथा बेस्ट प्रैक्टिसेस को मध्यप्रदेश की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप लागू किया जाए।

इम्पैक्ट असेसमेंट आवश्यक

श्री चौहान ने कहा कि संस्थान द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं का इम्पैक्ट असेसमेंट (प्रभाव आकलन) निरंतर किया जाए, जिससे कि इनका जनता को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए आवश्यक परिवर्तन एवं सुधार किए जा सकें।

हमारा गोल आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश है। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। विकास के विभिन्न मापदंडों में मध्यप्रदेश की रैंकिंग सुधारने के भी निरंतर प्रयास किए जायें।

संस्थान के 6 प्रमुख उद्देश्य

संस्थान के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि संस्थान में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों की सेवाएं लेने के लिए रिसर्च एडवाइजरी कमेटी बनाई जाएगी। संस्थान के 6 प्रमुख उद्देश्य नीति प्रारूपन, मॉनीटरिंग, प्रभाव आकलन, विश्लेषण, नागरिक सेवाओं में सुधार तथा क्षमता संवर्धन हैं।

कृषि की चुनौतियों का हल कृषि क्षेत्र से बाहर

विषय-विशेषज्ञ डॉ. अजीत रानाडे ने कहा कि कृषि की चुनौतियों का हल कृषि क्षेत्र से बाहर है। इस पर अध्ययन किया जाना चाहिए। कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा प्रबुद्ध लोकतंत्र है। विषय-विशेषज्ञ श्री सुमित बोस ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए निरंतर नवाचारों की आवश्यकता है।

महिलाओं को आर्थिक शिक्षा आवश्यक

विषय-विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु राय ने कहा कि गरीबी दूर करने के लिए महिलाओं को आर्थिक शिक्षा एवं जागरूकता आवश्यक है। महिलाओं को छोटे-छोटे उद्योगों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कोविड की चुनौतियों से निपटने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता बताई।

मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी ताकत यहां की वन सम्पदा

विषय-विशेषज्ञ डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी ताकत वन सम्पदा है। यहां की वन सम्पदा के लिए योजनाएं बननी चाहिए। मध्यप्रदेश के वनों की जीडीपी की गणना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। यहां से बड़ी संख्या में नदियां निकलकर दूसरे प्रदेशों में जाती हैं।

विशेषज्ञों के सुझावों को लागू किया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुशासन के लिए सभी विषय-विशेषज्ञों के सुझावों को लागू किया जाएगा।

मध्यप्रदेश में तीसरी लहर की आहट भी हो तो सुनाई देनी चाहिए - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मध्यप्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, कोरोना के प्रति हमें इतना चौकन्ना रहना है कि प्रदेश में यदि तीसरी लहर की आहट भी हो तो हमें सुनाई देनी चाहिए। इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में कोरोना टेस्ट किए जाना तथा कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग अनिवार्य हैं, जिससे हर मरीज की तुरंत पहचान कर उसे आइसोलेट कर उसका उपचार किया जा सके। इस कार्य में थोड़ी भी ढिलाई नहीं होनी चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण में मध्यप्रदेश देश के समस्त राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 32वें स्थान पर है। संक्रमण न्यूनतम स्तर पर है, परंतु हमें बिल्कुल भी असावधानी नहीं करनी है। कोविड अनुकूल व्यवहार करना है तथा कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन करना है। श्री चौहान ने कहा कि वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश में तेज गति से वैक्सीनेशन चल रहा है। वैक्सीनेशन के मामले में मध्यप्रदेश का देश में चौथा स्थान है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के 33 प्रतिशत व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा चुका है, जबकि गुजरात और राजस्थान में 40 प्रतिशत तथा कर्नाटक में 38 प्रतिशत पात्र जनसंख्या का टीकाकरण किया जा चुका है।

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को 2 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज लगाए गए हैं। इनमें से एक करोड़ 80 लाख व्यक्तियों को पहला तथा 20 लाख से अधिक व्यक्तियों को दूसरा डोज लगाया गया है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के किसी भी जिले में कोरोना टेस्ट कम नहीं होने चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में अभी भी ब्लैक फंगस के 712 मरीज उपचाररत हैं। इनके उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपचार के लिए 'एम्फोटेरिसिन-बी' इंजेक्शन और अन्य दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

प्रदेश के 52 जिलों में से 37 जिलों में कोरोना का कोई नया प्रकरण नहीं आया है। वहीं 6 जिले ऐसे हैं जो पूर्ण रूप से कोरोना मुक्त हैं। यहां न तो कोई नया प्रकरण आया है और न ही कोई एक्टिव प्रकरण है। ये जिले अशोकनगर, बुरहानपुर, देवास, खंडवा, मंडला तथा सीधी हैं।

स्मार्ट सिटी अवॉर्ड्स कॉन्टेस्ट में इंदौर को मिला प्रथम स्थान

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड्स कॉन्टेस्ट-2020 में ओवरऑल इंदौर को प्रथम स्थान, प्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को 11 अवॉर्ड और राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए पूरे स्टाफ की सराहना की है। उन्होंने सागर सहित भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर के प्रशासन और स्थानीय लोगों को भी इस कामयाबी के लिये बधाई दी है। इंदौर के साथ ही सूरत को भी प्रथम स्थान मिला है।

स्मार्ट सिटी मिशन के 6 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने वर्चुअल मीट के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में 'इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट-2020' के परिणाम घोषित किये।

प्रोजेक्ट अवॉर्ड

बिल्ट एनवायर्नमेंट थीम - इंदौर को 56 दुकान प्रोजेक्ट के लिए प्रथम स्थान मिला।

सेनिटेशन थीम - इंदौर को तिरूपति शहर के साथ म्युनिसिपल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम थीम में प्रथम स्थान मिला।

कल्चर थीम - इंदौर को कन्ज़रवेशन ऑफ बिल्ट हेरिटेज के लिए प्रथम स्थान एवं ग्वालियर को डिजिटल म्यूजियम के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इकोनॉमी थीम - इंदौर को कार्बन क्रेडिट फाइनेंसिंग मेकेनिज्म के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

अर्बन एनवायर्नमेंट थीम - भोपाल को चेन्नई के साथ क्लीन एनर्जी के लिए प्रथम स्थान मिला।

इनोवेशन अवॉर्ड

इनोवेशन आइडिया अवॉर्ड थीम में इंदौर को कार्बन क्रेडिट फाइनेंसिंग मेकेनिज्म के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

सिटी अवॉर्ड

राउंड वन सिटीज़ में इंदौर को प्रथम एवं जबलपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। राउंड 3 सिटीज़ में सागर को द्वितीय स्थान मिला।

रेरा में विभिन्न पदों में होगी नियुक्ति

भोपाल, मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण रेरा में विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति की जायेगी इस संबंध में विज्ञापन जारी कर दिया गया है।

मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण में प्रशासनिक अधिकारी, लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, सहायक ग्रेड-1 एवं 2 के और हिन्दी स्टेनोग्राफर के पद के लिये सेवानिवृत्त लोक सेवकों की संविदा के अंतर्गत नियुक्ति के लिये 12 जुलाई 2021 को शाम 5 बजे तक आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

संविदा नियुक्ति के दौरान मध्यप्रदेश शासन द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पुनर्नियुक्ति के संबंध में समय-समय पर दिये गये निर्देश के अनुसार संविदा वेतन देय होगा। इससे संबंधित विस्तृत विवरण एवं आवेदन का प्रारूप प्राधिकरण की वेबसाइट **www.rera.mp.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना पर विजय पाना है, टीका जरूर लगवाना है

कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिये सतर्कता जरूरी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना संक्रमण नियंत्रण की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना के एक हजार से कम एक्टिव केस बचे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि कोरोना अब नियंत्रण में है। मध्यप्रदेश देश में 31वें नम्बर पर है। सात दिन की पॉजिटिविटी दर 0.1 प्रतिशत है। इस स्थिति के बाद भी प्रदेश में कोरोना के टेस्ट कम नहीं होने दिये जायेंगे। प्रतिदिन 80 हजार टेस्ट आवश्यक रूप से किये जायें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना संक्रमण नियंत्रण की समीक्षा बैठक को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग भी बैठक में उपस्थित थे।

तीसरी लहर के कारणों को समाप्त करना है हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी लहर की संभावना खत्म नहीं हुई है। अतः लगातार सतर्क रहने के लिए अधिक से अधिक टेस्ट आवश्यक हैं। प्रदेश के कोने-कोने में टेस्टिंग और ट्रेसिंग से तत्काल संक्रमण की पहचान और उस पर नियंत्रण संभव होगा। हमारा प्रयास यह हो कि हम संक्रमण के प्रत्येक प्रकरण के कारणों की पहचान करें। इससे सभी सावधानी बरती जा सकेगी। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में तीसरी लहर के कारणों को समाप्त करना हमारा लक्ष्य होगा।

म्यूकर माइकोसिस के इलाज में परिवारों को राहत देना जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि म्यूकर माइकोसिस का इलाज बहुत महंगा है। गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों को इलाज के आर्थिक बोझ से बचाना जरूरी है। अतः शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में म्यूकर माइकोसिस के इलाज की श्रेष्ठ व्यवस्था की जाये। वर्तमान में म्यूकर माइकोसिस के 532 मरीज मेडिकल कॉलेजों में और 200 मरीज निजी अस्पतालों में उपचाररत हैं।

गंभीर और खर्चीली बीमारियों में मरीज और परिवार का सहयोग आवश्यक

श्री चौहान ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर और अधिक खर्च वाली बीमारियों में मरीज और उसके परिवार को आर्थिक राहत और भावनात्मक संबल देने के लिए आवश्यक मैकेनिज्म विकसित किया जाए। कोरोना संक्रमण के मरीजों के इलाज, उनकी स्थिति, आवश्यक व्यवस्था और उन्हें सहयोग देने आदि की प्रतिदिन समीक्षा की गई। पीड़ित मरीजों और परिवारों को राहत प्रदान की गई। इसी प्रकार किडनी की समस्या, बायपास सर्जरी, थैलेसीमिया जैसी गंभीर और खर्चीली बीमारियों से ग्रस्त मरीजों और परिवारों की नियमित मॉनीटरिंग की व्यवस्था स्थापित की जाए और उन्हें सहयोग प्रदान किया जाये।

प्रदेश की 30 प्रतिशत जनसंख्या को लग चुकी है टीके की पहली डोज

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शुभ संकेत है कि प्रदेश में टीकाकरण को लेकर भय और भ्रम दूर हुआ है। लोग स्वयं टीकाकरण के लिए आगे आ रहे हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों का जल्द से जल्द टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। समीक्षा में जानकारी दी गई कि 18 वर्ष से अधिक आयु की 30 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को टीके की पहली डोज लग चुकी है। इंदौर में 68 प्रतिशत, भोपाल में 60 प्रतिशत, शहडोल और उज्जैन में 44 प्रतिशत, जबलपुर में 41 प्रतिशत और ग्वालियर में 40 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को टीके की पहली डोज लगाई जा चुकी है।

प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान में 21 से 25 जून तक इंदौर में 4 लाख 46 हजार 445, भोपाल में 2 लाख 60 हजार 633, उज्जैन में एक लाख 94 हजार 28 और जबलपुर में एक लाख 69 हजार 191 डोज लगाई गईं। मुख्यमंत्री ने पन्ना, दमोह, झाबुआ, मंडला, सीधी, बड़वानी, छिंदवाड़ा, सतना, भिंड, टीकमगढ़, खरगोन, अलीराजपुर, अनूपपुर, छतरपुर, मुरैना और आगर जिलों में टीकाकरण को गति देने के निर्देश दिये।

कोरोना के इलाज में मील का पत्थर साबित हो रहे कोविड केयर सेंटर

भोपाल, केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को कोरोना नियंत्रण एवं उपचार में कोविड केयर सेंटर, ऑक्सीजन, इंजेक्शन, दवाओं आदि के लिये निरंतर सहायता दी गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश को आवश्यक संख्या में वैक्सीन दिलवा रहे हैं और हम प्रदेश में अधिक से अधिक वैक्सीन डोज लगवा रहे हैं। मध्यप्रदेश ने एक दिन में सर्वाधिक वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड बनाया है। यह मोदी वैक्सीन है, यह केवल डोज़ नहीं बल्कि जिन्दगी है। प्रदेश में हर व्यक्ति को वैक्सीन लगाकर कोरोना से सुरक्षित किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंडला में मोइल (मैग्नीज और इंडिया लिमिटेड) द्वारा निर्मित 100 बिस्तरीय कोविड केयर सेंटर का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए कहीं। इस अवसर पर केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित थे। केंद्रीय इस्पात, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान और मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री प्रभुराम चौधरी वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को कोविड केयर सेंटर और अन्य सुविधाएं दिलाने में केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने सराहनीय भूमिका निभाई है। 'मैं दोनों मंत्रियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं'। उन्होंने न केवल मंडला में 100 बिस्तरीय कोविड केयर सेंटर दिया है, बल्कि बालाघाट में 100, सिवनी में 60, डिण्डौरी में 50, नरसिंहपुर में 40 और नैनपुर में 30 बिस्तरीय कोविड केयर सेंटर की सौगात दी है। बीना में रिफाइनरी के पास ही अस्पताल बनवाया गया, जिससे वहां ऑक्सीजन आसानी से सप्लाई की जा सके।

कोविड नियंत्रण में मध्यप्रदेश ने देश में आदर्श प्रस्तुत किया

केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि कोविड नियंत्रण में मध्यप्रदेश ने देश में आदर्श प्रस्तुत किया है। यहां जन-भागीदारी से कोविड नियंत्रण सराहनीय है। अब मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में टीकाकरण को जन-आंदोलन बना दिया है। मध्यप्रदेश में तेज गति से टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन, ऑक्सीजन प्रबंधन, रेमडेसिविर आदि की उपलब्धता, कोरोना उपचार, होम आयसोलेशन की आदर्श व्यवस्था, माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने की व्यवस्था की कारगर रणनीति के लिए राज्य शासन की सराहना की।

विद्यार्थियों की क्षमता विकसित करने पर फोकस करें - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण और संरचनात्मक परिवर्तन करते समय इस बात पर जोर दिया जाए कि विद्यार्थी रोज़गार, स्व-रोज़गार की दृष्टि से क्षमता विकसित करें तथा डिग्री करने के बाद किसी एक विधा में दक्षता हासिल करें। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये कही।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण किया जा रहा है। आगामी अकादमिक वर्ष से इसे प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लागू किये जाने की योजना है। प्रस्तावित सीबीसीएस में जो भी व्यवहारिक सुझाव होंगे वह सभी जोड़े जाएंगे। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मध्यप्रदेश में लागू करने के लिए देश में सबसे पहले टास्क फोर्स गठित की है। नीति को लागू करने के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम प्रस्तावित है। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशा के अनुरूप विद्यार्थी को अपनी पसंद के पाठ्यक्रम चुनने की आजादी दी गई है।

कक्षा 12वीं की परीक्षा का परिणाम तैयार करने की कार्ययोजना

भोपाल, माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सत्र-2020-21 में कक्षा 12वीं की परीक्षा का परिणाम तैयार करने की विस्तृत कार्य योजना नियत कर ली है। कक्षा 12वीं की परीक्षा का परिणाम कक्षा 10वीं के सर्वश्रेष्ठ 5 विषयों के विषयवार अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा। इसके लिए कक्षा 10वीं के विषयों का कक्षा 12वीं के संकायवार विषयों से मैपिंग की गई है। नियमित और स्वाध्याय परीक्षा के किसी भी छात्र को अनुत्तीर्ण नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त विषय या अतिरिक्त संकाय के छात्रों को उस विषय में दसवीं के साथ मुख्य संकाय के अनुसार मैप किए गए विषय अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। श्रेणी सुधार छात्रों के अंक हाईस्कूल से मैप किए गए समूह के अंक के अनुसार ही दिए जाएंगे।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी आदेश अनुसार बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति में हाईस्कूल के सबसे अधिक अंकों वाले विषयों के अतिरिक्त छठवां विषय कक्षा 12वीं कक्षा के जिस विषय से मैप किया जाएगा, उस विषय में हाईस्कूल के तृतीय भाषा विषय के अंक प्रदान किए जाएंगे। उदाहरण के लिए किसी छात्र को हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान विषय के अंक बेस्ट ऑफ फाइव पद्धति के अंतर्गत बाहर होने के कारण उसके परिणाम में नहीं जोड़े गए हैं, तो ऐसे छात्र को कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सामाजिक विज्ञान विषय के अंकों के स्थान पर कक्षा 10वीं की तृतीय भाषा के अंक प्रदान किए जायेंगे।

इसी तरह प्रायोगिक परीक्षा के लिए निर्धारित मापदंड अनुसार कुल 100 अंकों में से गणना उपरांत 12वीं की परीक्षा के प्रायोगिक भाग वाले विषयों में प्रायोगिक भाग में अंक, छात्र द्वारा 100 में से अर्जित प्राप्त अंकों के प्रतिशत अधिभार के आधार पर प्रदान किए जायेंगे। उदाहरण के लिए यदि किसी छात्र को 70 प्रतिशत अंक प्राप्त होते हैं तो भौतिक शास्त्र के प्रायोगिक भाग में 30 अंकों का 70 प्रतिशत अंक अर्थात 21 अंक प्रदान किए जाएंगे और शेष 49 अंक सैद्धांतिक भाग में प्रदर्शित किए जायेंगे।

यदि कोई छात्र अपने प्राप्तांक से असंतुष्ट रहता है तो कोविड-19 संकटकाल की समाप्ति उपरांत राज्य शासन की अनुमति से आयोजित होने वाली परीक्षा में भाग ले सकेगा। ऐसे छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के 7 दिन के अंदर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य होगा। इस वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्रों को पूर्व वर्ष अनुसार अंकसूचियों में केवल श्रेणी अंकित की जाएगी। इस वर्ष कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम की मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। अन्य राज्य और अन्य बोर्ड से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रत्येक छात्र को संबंधित अग्रेशन संस्था के माध्यम से कक्षा 10वीं की अंकसूची अनुसार अंक भरना और अंकसूची अपलोड करना अनिवार्य होगा।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

ऑक्सीजन उत्पादक इकाइयों को प्रोत्साहित करने के प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में कोविड-19 संकट के दृष्टिगत वर्तमान में उपलब्ध ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए ऑक्सीजन उत्पादक इकाइयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशिष्ट सुविधाएं प्रावधानित करने संबंधी मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा 13 मई 2021 को समन्वय में दिये गये अनुमोदन तथा विभाग द्वारा जारी आदेश एक मई 2021 का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- राज्य में कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री सोलर पम्प योजना की अवधि को मार्च 2024 तक बढ़ाया गया था। सोलर पम्प के उपयोग से प्रदेश में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा मिल सकेगा। इस योजना में राज्य के सभी कृषक पात्र हैं। यह योजना प्राथमिकता पर प्रदेश के उन दूर-दराज के क्षेत्रों में भी क्रियान्वित की जाएगी, जहां विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत अधो-संरचना का विकास नहीं किया जा सका है।
- इस योजना में 5 एच.पी.डी.सी. पम्प ही प्रयोग किए जाएंगे और उससे अधिक क्षमता के दोनों ए.सी. और डी.सी. पम्प प्रयोग किए जाएंगे। भारत सरकार की मूल योजना अनुसार राज्य शासन की ओर से और अधिक से अधिक कृषकों को योजना का लाभ देने के उद्देश्य से अनुदान की राशि 30 प्रतिशत तक सीमित किये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। सोलर पम्प के उपयोग से डीजल पम्पों को हटाया जा सकेगा जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित होगा।
- मंत्रिपरिषद ने केंद्रीकृत पुलिस कॉल सेन्टर एवं नियंत्रण कक्ष तंत्र (डॉयल-100) सेवा को निरंतर रखने के लिए पूर्व स्वीकृत निविदाकार बी.वी.जी. इंडिया लिमिटेड की अनुबंध अवधि 31 मार्च 2021 को समाप्ति उपरांत 3 माह विस्तारित करने की समन्वय में प्रदान की गयी स्वीकृति का अनुसमर्थन किया।
- पूर्व स्वीकृत निविदाकार बी.व्ही.जी. इंडिया लिमिटेड को एक जुलाई 2021 से 6 माह की अवधि अथवा नवीन निविदा की स्वीकृति की दशा में नवीन चयनित निविदाकार द्वारा डॉयल-100 सेवा के संचालन का कार्य प्रारंभ करने की तिथि तक, जो भी अवधि कम हो, पूर्व स्वीकृत अनुबंध की शर्तों पर न्यूनतम मजदूरी की दरों में हुई वृद्धि आदि के कारण अनुबंधित दरों में 15 प्रतिशत अधिक बढ़ी हुई दर से संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद ने वार्ड क्र. 5 गोरतरा रोड, जिला शहडोल स्थित शहडोल बस डिपो परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिए जारी निविदा में निविदाकारों को वित्तीय निविदा राशि एवं उनके द्वारा ई-नीलामी में लगाई गई बोली राशि को उच्चतम पाए जाने से एच-1 निविदाकार की निविदा बोली मूल्य 11 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की स्वीकृति तथा निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के उपरांत परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिए अनुबंध/रजिस्ट्री के निष्पादन की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अपना टीका आज ही करें निश्चित कोरोना की तीसरी लहर से रहें सुरक्षित

हितग्राहियों को थैले में दिया जाएगा निःशुल्क उचित मूल्य राशन

भोपाल, केन्द्र सरकार की ओर से आगामी नवम्बर माह तक प्रदेश के सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली हितग्राहियों को निःशुल्क राशन दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार एक रुपये किलो उचित मूल्य राशन भी प्रदान करेगी। हितग्राही परिवार के प्रत्येक सदस्य को 5 किलो निःशुल्क राशन और 5 किलो राशन एक रुपये किलो के मूल्य पर मिलेगा। यह राशन हितग्राहियों को 10 किलो के थैले में दिया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना संबंधी बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के माध्यम से प्रदेश के 4 करोड़ 81 लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे। उन्होंने योजना के समुचित क्रियान्वयन के निर्देश अधिकारियों को दिए।

हर माह प्रति सदस्य 10 किलो खाद्यान्न

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 5 किलो खाद्यान्न गेहूं/चावल एक रुपये किलो में प्रदान किए जाते हैं। साथ ही एक किलो नमक और एक किलो उचित मूल्य में शक्कर भी दी जाती है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में नवम्बर तक प्रति सदस्य 5 किलो निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार नवम्बर तक हर माह प्रति सदस्य 10 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा।

25 हजार उचित मूल्य दुकानें एक करोड़ 13 लाख पात्र परिवार

प्रदेश में कुल 25 हजार 423 उचित मूल्य दुकानें हैं, एक करोड़ 13 लाख पात्र परिवार हैं और 4 करोड़ 81 लाख हितग्राही हैं। खाद्यान्न का मासिक आवंटन 2 लाख 62 हजार मीट्रिक टन, शक्कर का मासिक आवंटन 1450 मीट्रिक टन और नमक का मासिक आवंटन 11 हजार 326 मीट्रिक टन है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत शीघ्र ही प्रदेश की हर उचित मूल्य दुकान पर अन्न महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कोविड से निपटने में जन-सहयोग और निजी क्षेत्र की भागीदारी महत्वपूर्ण

भोपाल, कोरोना की तीसरी लहर का सामना करने के लिए प्रदेश में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जन-सामान्य को कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऑक्सीजन बेड, बच्चों के आईसीयू वार्ड, उपकरण और आवश्यक सामग्री की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। जन- सहयोग और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी प्राप्त हो रही है। मंडीदीप में ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा निर्मित कोविड केयर सेंटर निजी क्षेत्र की पहल का प्रमाण है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले के मंडीदीप में ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा स्थापित कोविड केयर सेंटर के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए ल्यूपिन फाउंडेशन ने यह कोविड केयर सेंटर स्थापित किया है। श्री चौहान ने अपील की कि हम कोरोना से बचाव की सावधानियों का इतनी गंभीरता से पालन करें कि कोविड केयर सेंटर के रूप में इस केंद्र का उपयोग ही न हो। यह सेंटर वैक्सीनेशन और अन्य दूसरी सामान्य बीमारियों के इलाज में काम आये। श्री चौहान ने कहा कि मंडीदीप, प्रदेश का बड़ा औद्योगिक केंद्र है। श्रमिक वर्ग की सुविधा के लिए मंडीदीप में शीघ्र ही अस्पताल स्थापित किया जायेगा।

योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन हो जन-आकांक्षाओं के अनुरूप

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश नीति एवं योजना आयोग की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में देश और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कार्यों का अध्ययन कर स्थानीय आवश्यकताओं एवं विशेषताओं के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं, उनके क्रियान्वयन एवं प्रभाव का स्वतंत्र विश्लेषण हो तथा उसके अनुरूप सुधार हो। योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन जनआकांक्षाओं के अनुरूप हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा के अनुरूप आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण हमारे विकास का मूल लक्ष्य है। उसी को ध्यान में रखकर कार्य किए जाने हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश नीति एवं योजना आयोग की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

डाटा रिपोजिटरी बनाना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सांख्यिकी और डाटा प्रबंधन में सुधार एवं उसके बेहतर उपयोग के लिए डाटा कलेक्शन पर ध्यान देना होगा। प्रदेश में एक डाटा रिपोजिटरी बनाना आवश्यक है।

विकास के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की विकास आवश्यकताओं के लिए बजट के दायरे से बाहर अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने के प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके लिए ऑफ बजट बौरोइंग, हाइब्रिड एन्युटी मॉडल, पीपीपी मोड आदि तरीके हो सकते हैं।

टूरिज़्म का अधिकाधिक विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में टूरिज़्म की अपार संभावनाओं को देखते हुए यहां इसका अधिकाधिक विकास किया जाना चाहिए। इसके लिए वाइल्ड लाइफ टूरिज़्म, रिलीजिअस टूरिज़्म, बफर में सफर, फिल्म गतिविधियों को बढ़ावा, पर्यटन सर्किट विकास आदि प्रयास किए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश की ताकत है खेती

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि की अपार संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश देश का अन्न भंडार है, परन्तु यहां फसलों के विविधीकरण की आवश्यकता है। न केवल बाजार की मांग अनुरूप फसलें लगाई जाएं, बल्कि निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयास भी होने चाहिए।

रोज़गार सबसे बड़ी आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान के समय में रोज़गार सबसे बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा के प्रसार के साथ रोज़गार के अवसरों को अधिक से अधिक बढ़ाना होगा। इस प्रकार की योजनाएं बनानी होंगी जिनसे अधिक से अधिक रोज़गार मिलें। प्रदेश में प्रतिमाह एक लाख रोज़गार देने का लक्ष्य रखा गया है।

जन-स्वास्थ्य के लिये औषधियों का करना है उपयोग

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश औषधियों का खजाना है। हमें इनका अधिक से अधिक उपयोग जन-स्वास्थ्य के लिए करना है। प्रदेश में परंपरागत चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

युवा शक्ति का रचनात्मक उपयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति का रचनात्मक कार्यों एवं सही दिशा में उपयोग करना है। महिला स्व-सहायता समूहों को भी अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाना है।

क्षेत्रीय संभावनाओं के अनुरूप उद्योगों के क्लस्टर

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रीय संभावनाओं के अनुसार उद्योगों के क्लस्टर बनाए जाने हैं। प्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना है तथा एक जिला एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को देश व विदेश में आगे बढ़ाना है।

उच्च जोखिम समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीके की दोनों डोज लगाई जाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोविड संक्रमण पर नियंत्रण और टीकाकरण के लिये गठित मंत्री समूह की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीके की दोनों डोज लगाई जाएं। जिन शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने टीके की प्रथम डोज लगवा ली है और पात्र अवधि के बाद भी यदि उनके द्वारा दूसरी डोज नहीं लगवाई गई है तो ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। टीकाकरण का अभियान व्यक्ति और समाज की भलाई के लिए है। टीके की दूसरी डोज नहीं लगवाना समाज के लिए अपराध के समान है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण और टीकाकरण के लिये गठित मंत्री समूह के प्रस्तुतीकरण सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीके की दूसरी डोज के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। जिन्होंने पहली डोज लगवा ली है परंतु दूसरी डोज लगवाने में लापरवाही कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर दूसरी डोज लगाई जाए। कोचिंग क्लासेस संचालकों द्वारा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने पर कोचिंग क्लास के संचालन पर भी विचार किया जा सकता है।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में टीकाकरण अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर टीके की पहली डोज लगाने के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट देखने के उपरांत ही प्रवेश देने की व्यवस्था पर भी विचार किया जा सकता है।

मंत्री समूह के सम्मुख प्रस्तुतीकरण में जानकारी दी गई कि नगर पंचायत बुढ़ार और नगर परिषद खेतिया में शत-प्रतिशत नागरिकों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। प्रदेश के 13 जिलों की 66 ग्राम पंचायतों में भी शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है।

श्री चौहान ने सिवनी, आगर-मालवा, मुरैना, अनूपपुर, छतरपुर, मंदसौर, खरगोन, टीकमगढ़, भिंड, छिंदवाड़ा, मंडला, बड़वानी, सतना, सीधी, झाबुआ, दमोह और पन्ना में टीकाकरण को गति देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण के साथ बच्चों को लगने वाले 14 प्रकार के टीकाकरण का अभियान भी निरंतर जारी है। बच्चों का यह टीकाकरण प्रभावित नहीं हो, इसे देखते हुए मंगलवार और शुक्रवार को कोविड टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।

मंत्रिमण्डल के सदस्यों को जिलों का प्रभार किया गया आवंटित

भोपाल, राज्य शासन ने मंत्रिमण्डल के सदस्यों को जिलों के प्रभार सौंप दिये हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

गृह, जेल, विधि एवं विधायी कार्य, संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को इंदौर, लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव को जबलपुर, निवाड़ी, जल-संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट को ग्वालियर, हरदा, वन मंत्री कुंवर विजय शाह को सतना, नरसिंहपुर, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा को उज्जैन, कटनी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह को मण्डला, रीवा, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया को देवास, आगर-मालवा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह को भोपाल, जनजातीय कार्य, अनुसूचित-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे को सीधी, अनूपपुर, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल को खरगोन, छिंदवाड़ा, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत को भिण्ड, दमोह, खनिज साधन तथा श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह को होशंगाबाद, सिंगरौली, चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग को टीकमगढ़, विदिशा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी को धार, सीहोर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया को शिवपुरी, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को अशोकनगर, गुना, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल को बुरहानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा को छतरपुर, सिवनी, पर्यटन, संस्कृति, अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर को नीमच, खण्डवा, सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद सिंह भदौरिया को सागर, रायसेन, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव को राजगढ़, डिण्डोरी, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीपसिंह डंग को बड़वानी, बालाघाट, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव को मंदसौर, अलीराजपुर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार), नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह को मुरैना, श्योपुर, स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार को बैतूल, झाबुआ, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल को शहडोल, आयुष (स्वतंत्र प्रभार), जल-संसाधन राज्यमंत्री श्री रामकिशोर (नानो) कांवरे को उमरिया, पन्ना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव को शाजापुर, लोक निर्माण राज्यमंत्री श्री सुरेश धाकड़ को दतिया और नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया को रतलाम जिले का प्रभार सौंपा गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सरला विद्या नगाला

अमेरिका में संघीय जज के लिए नामित

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी वकील सरला विद्या नगाला को कनेक्टिविटी राज्य का संघीय न्यायाधीश नामित किया है। अभी इस नियुक्ति को सीनेट की मंजूरी मिलना बाकी है। सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद सरला विद्या दक्षिण एशिया की पहली महिला होंगी, जो इस पद पर नियुक्त होंगी।

बोत्सवाना में

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हीरा मिला

अफ्रीकी देश बोत्सवाना में 1,098 कैरेट का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हीरा मिला है। प्रख्यात हीरा कंपनी देबस्वाना के प्रबंध निदेशक लिनेट आर्मस्ट्रांग ने कहा कि यह अपनी तरह का सबसे बड़ा और अनोखा हीरा है। इसे बोत्सवाना के राष्ट्रपति मोग्वेत्सी मासिसी को। जून को दिखाया गया था। दुनिया का सबसे बड़ा हीरा 3,106 कैरेट का और दूसरा 1,109 कैरेट का था। यह तीसरे नंबर का हीरा है।

सुमात्रा टाइटन अरुम

फूल से आती है दुर्गंध

दुनिया के सबसे दुर्गंधयुक्त फूल सुमात्रा टाइटन अरुम को देखने पोलैंड की राजधानी वारसा स्थित यूनिवर्सिटी के बॉटनिकल गार्डन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसे 'लाश का फूल' भी कहा जाता है। इसका वानस्पतिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। लुप्तप्राय वनस्पति की श्रेणी में शामिल है। यह कई वर्षों के अंतराल में एक बार खिलता है। इसके खिलने पर इसमें से सड़े हुए मांस जैसी तीक्ष्ण दुर्गंध आती है।

नासा ने

1.35 लाख करोड़ से तैयार रॉकेट असेंबल किया

नासा ने 1.35 लाख करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट को असेंबल कर दिया है। 212 फीट लंबा यह रॉकेट 85,275 किलो वजनी है। स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट (मेगारॉकेट) इस साल नवंबर में लॉन्च होगा। इसके जरिए नासा चंद्रमा और मंगल पर जाने की तैयारी कर रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। इसके जरिए सिंगल ट्रिप में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर पहुंचाया जा सकेगा।

महाराष्ट्र में

50 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों को हेरिटेज का दर्जा

महाराष्ट्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा निर्णय किया है। अब महाराष्ट्र के शहरी क्षेत्रों में 50 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों को हेरिटेज (धरोहर) का दर्जा देकर संरक्षित किया जाएगा। प्रथम तो इन वृक्षों को

काटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि अनुमति दी भी गई तो आवेदनकर्ता को इन वृक्षों को काटने की भरपाई स्वरूप काफी कड़े नियमों का पालन करना होगा। वृक्षों को संरक्षण देने के लिए अथॉरिटी भी बनाई जाएगी।

फायर-फ्यूरी कोर ने

गलवान के शहीदों को नमन किया

चीन के सैनिकों के साथ पूर्वी लद्दाख के गलवान में संघर्ष को पूरा एक साल हो गया। 15 जून को हुए उस संघर्ष में कर्नल संतोष बाबू समेत 20 जवान शहीद हो गए थे। इन शहीदों को फायर एंड फ्यूरी कोर ने लेह में श्रद्धांजलि दी। गलवान में हमारे जांबाजों ने जवाबी कार्रवाई में चीन के कई सैनिकों को मार गिराया था।

यू जियानजिया

आठ इंच की हुईं पलकें

चीन के चांगझोऊ की यू जियानजिया की पलकों के बाल 8 इंच लम्बे हो गए हैं। इन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। हालांकि 2016 से ही यह रिकॉर्ड इन्हीं के नाम था, पर तब पलकें 4 इंच की थीं। यूं ने इन्हें 'बुद्ध का तोहफा' बताया है।

फ्लाइंग टैक्सी 'मेकर'

उड़ने वाली हवाई टैक्सी जल्द होगी लॉन्च

अमेरिका की प्रमुख फ्लाइंग टैक्सी कंपनी ऑर्चर एविएशन ने कैलिफोर्निया के हाथोर्न में पहली इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी 'मेकर' पेश की है। यह फ्लाइंग टैक्सी 240 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकेगी। हवा में यह 100 किलोमीटर उड़ेगी। यह पूरी तरह इलेक्ट्रिक है। वर्ष 2024 तक इसे लास एंजिलिस और मियामी में लॉन्च करने की योजना है।

एंटोनियो गुटेरस

पांच साल के लिए फिर बने संयुक्त राष्ट्र महासचिव

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 72 वर्षीय एंटोनियो गुटेरस को दूसरे कार्यकाल के लिए वैश्विक संस्था का महासचिव चुन लिया है। महासचिव के रूप में गुटेरस का दूसरा कार्यकाल एक जनवरी 2022 से शुरू होगा। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से गुटेरस के नाम की संस्तुति करते हुए उसे 193 सदस्य देशों वाली महासभा के पास भेजा था। भारत ने सुरक्षा परिषद के बाद महासभा में भी उनके नाम का समर्थन किया।

लियोनार्डो द विंची

मूलकृति की कॉपी पेंटिंग 25.5 करोड़ रुपये में बिकी

मशहूर नीलामी घर क्रिस्टीज की एक ऑनलाइन नीलामी में लियोनार्डो द विंची की पेंटिंग मोनालिसा की 17वीं शताब्दी की एक कॉपी तकरीबन 25.5 करोड़ रुपये में बिकी है। लियोनार्डो की पेंटिंग लकड़ी के तख्ते पर बनी थी, जबकि यह कैनवास पर बनाई गई है। फ्रांसीसी आर्ट कलेक्टर रेमंड हेकिंग के नाम पर इस कॉपी पेंटिंग को 'हेकिंग मोनालिसा' कहा जाता है।

जहाज यूएसएस गेराल्ड आरफोर्ड का

3.9 तीव्रता के भूकंप में हुआ परीक्षण

अमेरिकी नेवी ने नए जहाज यूएसएस गेराल्ड आरफोर्ड की कंपन क्षमता का परीक्षण किया। इसके लिए हजारों किलो विस्फोटक से धमाका किया गया। जहाज के नजदीक हुए धमाके से 3.9 तीव्रता का भूकंप उठा। इसमें जहाज खरा उतरा। अमेरिकी नेवी के मुताबिक सेना को धार देने के लिए तीन दशक में पहली बार फ्लोरिडा तट से 160 किलोमीटर दूर यह परीक्षण हुआ।

केरल

कोच्चि से 7 किलोमीटर दूर अनजान द्वीप मिला

गूगल मैप ने अरब सागर में केरल के कोच्चि तट के पास पानी के भीतर एक द्वीप की मौजूदगी उजागर की है। इसका आकार कोच्चि शहर का आधा है। यह आठ किलोमीटर लंबा और 3.5 किलोमीटर चौड़ा है। द्वीप की जांच के लिए केरल यूनिवर्सिटी ऑफ फिशरीज एंड ओशन स्टडीज (कुफोस) की एक टीम पहुंच गयी है। संभवतः यह द्वीप कोचिन बंदरगाह के निकर्षण की वजह से बना हो।

एलिजाबेथ झील

भीषण गर्मी से सूखी

ग्लोबल वॉर्मिंग का असर कम या ज्यादा वैश्विक स्तर पर दिखाई दे रहा है। कहीं सूखा पड़ रहा है तो कहीं अनुमान से ज्यादा बेमौसम बारिश हो रही है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स काउंटी स्थित एलिजाबेथ झील भीषण गर्मी के चलते सूख गई है। यह एक प्राकृतिक झील है। जो हमेशा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही है। इसका विहंगम दृश्य ड्रोन से लिया गया तब पता चला कि यह सूख गई है।

काजीरंगा में

दिखा दुर्लभ सफेद हिरण

काजीरंगा नेशनल पार्क में दुर्लभ सफेद हिरण देखा गया। वन अधिकारी सुशांत नंदा ने सफेद हिरण की तस्वीर पोस्ट करते हुए बताया कि यह हिरण बमुश्किल ही दिखायी देता है। इसका सफेद रंग पूरी तरह से आनुवांशिक (जेनेटिक) है। ऐसा जीन में होने वाले बदलावों के कारण होता है।

काशी में

बोर्ड बताएंगे घाटों का इतिहास

बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के प्रसिद्ध घाटों पर स्मार्ट बोर्ड लगाए जा रहे हैं। ये बोर्ड खुद की दास्तां बताएंगे। इन पर विशेष क्यूआर कोड लगा है, जिसे स्कैन कर पर्यटक 80 भाषाओं में ऐतिहासिक महत्व जान सकेंगे। ये बोर्ड 30 प्रमुख घाटों पर लग रहे हैं। दो बड़े बोर्ड भी होंगे, जिनसे 84 घाटों की पूरी जानकारी मिल सकेगी।

सोलर पैनल

छह घंटे की स्पेस वॉक कर लगाए गये

नासा के अंतरिक्ष यात्री शेन किम्ब्रु और फ्रांस के थॉमस पेस्केट ने अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के बाहर सोलर पैनल स्थापित किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 6 घंटे चली स्पेस वॉक के दौरान यह पैनल फिट किए गए। इस पैनल से स्टेशन की बिजली सप्लाई बढ़ जाएगी। बता दें कि दोनों अंतरिक्ष यात्री अप्रैल में स्टेशन पर पहुंचे हैं।

जस्टिस महमूद जमाल

कनाडा सुप्रीम कोर्ट में प्रथम अश्वेत न्यायमूर्ति नामित

भारतीय मूल के जस्टिस महमूद जमाल को कनाडा के सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति नामित किया गया है। इसके साथ ही वह देश के शीर्ष न्यायालय में नामित होने वाले प्रथम अश्वेत न्यायाधीश हो गए हैं। जस्टिस जमाल सेवानिवृत्त हो रहीं न्यायाधीश रोसाली सिल्वरमैन एबेला की जगह लेंगे, जो शीर्ष कोर्ट की प्रथम यहूदी और प्रथम शरणार्थी न्यायाधीश थीं।

जूनटींथ पर

अमेरिका में पहली बार राष्ट्रीय अवकाश घोषित

अमेरिका में अब हर साल 19 जून को जूनटींथ पर राष्ट्रीय अवकाश रहेगा। राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इसके विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस लिहाज से देश में पहली बार 19 जून को राष्ट्रीय अवकाश मनाया गया। बता दें कि 19 को अमेरिका में दास प्रथा के अंत का सबसे बड़ा त्योहार मनाया जाता है। 19 जून 1865 को अमेरिका में दास प्रथा के अंत की घोषणा की गई थी।

सचिन चतुर्वेदी

म.प्र. राज्य नीति एवं योजना आयोग में उपाध्यक्ष बने

राज्य शासन ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल के उपाध्यक्ष एवं पदेन उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग श्री सचिन चतुर्वेदी को मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग का कार्यकारी उपाध्यक्ष नामांकित किया है।

स्मृति शेष

गोल्ड मेडलिस्ट मुक्केबाज डिंको सिंह का निधन

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय मुक्केबाजी को नई दिशा देने वाले डिंको सिंह का 42 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। उन्हें पीलिया और कोरोना संक्रमण भी हो चुका था। उनके निधन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने 1998 में बैंकॉक में गोल्ड जीता था। उन्हें 1998 में अर्जुन अवॉर्ड और 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

ख्यात फिल्मकार बुद्धदेव दासगुप्ता का निधन

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फिल्मकार बुद्धदेव दासगुप्ता का 77 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी बाघ बहादुर, उत्तरा और काल पुरुष जैसी फिल्में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहीं। 2019 में कोलकाता में आयोजित समारोह में पश्चिम बंगाल फिल्म पत्रकार संघ ने उन्हें सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा था।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

यदि आपने अपनी मनोवृत्तियों पर विजय प्राप्त नहीं की, तो मनोवृत्तियां आप पर विजय प्राप्त कर लेंगी – नेपोलियन हिल

MADHYA PRADESH RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (MPRRDA)

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department)
5th floor, Block-II, Paryawas Bhavan, Bhopal (M.P.) – 462011
Phone No. : 0755–2551751, Email : mp-sqc@nic.in

PRESS NOTICE FOR REQUEST FOR PROPOSAL FOR CONSULTANCY SERVICES OF STATE QUALITY MONITORING UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA

No. 8643/SQM/outsource/1/2021. **Date: 28.06.2021**

1. The Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY), a fully funded programme of Ministry of Rural Development (MoRD), Government of India aims at providing all weather road connectivity to eligible unconnected habitation. The Programme is being implemented by the State Government of Madhya Pradesh with Madhya Pradesh Rural Roads Development Authority (MPRRDA) as the implementing Agency (hereinafter referred to as the Agency).
2. The Consultancy services are required for independent quality monitoring under second tier at State level as provided in PMGSY Programme Guidelines issued by Government of India.
3. The Agency invites Technical and Financial proposals on approved TOR from consulting engineering firms or bodies (hereinafter referred as the Consultant) corporate to undertake and perform the duties and functions of State Quality Monitors. The Technical Proposal will be evaluated as per the criteria subject to fulfillment of technical qualifications. The financial offers of only those consultants would be opened whose Technical Proposal is found responsive. The award of services would be made to lowest evaluated Financial Proposal.
4. This Invitation for Proposals is open to all Consultants meeting the eligibility criteria. The applicant should be a private or government-owned legal entity provided they are financially autonomous and operate under commercial law.
5. RFP Document consisting of qualification information and eligibility criterion of bidders and the set of terms & condition of contract to be complied with by the consultants can be seen and downloaded online on the website **http://www.mptenders.gov.in.** RFP document may be purchased online from **http://www.mptenders.gov.in as per time schedule mentioned in critical dates after making online payment of cost of tender documents Rs. 11200/- (including GST).** Last date for online submission of proposal is : **upto 17.30 hrs. on 02.08.2021.**

M.P. Madhyam/101118/45652/2021 **SQC, MPRRDA**

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजी **(एम.एम.एल.टी.)** योग्यता बी.एम.एल.टी.	3 वर्ष
3.	बैचलर आफ नर्सिंग **(बी.एस.सी. नर्सिंग)**	4 वर्ष
4.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष
5.	**जी.एन.एम.**	3 वर्ष
6.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)** 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
7.	बैचलर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन **(बी.एम.एल.टी.)**	3 वर्ष
8.	बी.एस.सी. इन **एक्स–रे**	3 वर्ष
9.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन **(डी.एम.एल.टी.)**	2 वर्ष
10.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन	1 वर्ष
11.	ओ.टी. टेक्निशियन **(ऑपरेशन थ्रीएटर)**	1 वर्ष

क्रमांक 3 एवं 6 से लेकर क्रमांक 11 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्र. 5 के लिए 12वीं किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। आवेदन पत्र कॉलेज के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

R-45656/2021 संचालक

LAKECITY

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL,M.P.–462011
No.8799/22/D-12/SQC/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 29.06.2021

NOTICE INVITING TENDER FOR SQC CONSULTANCY (E-Procurement Notice)

Online bids are invited from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Rural Roads being constructed under PMGSY-III for the following districts.

- **No. of Packages – 58**

Name of Districts/PIU – Agar, Alirajpur, Anuppur, Ashok Nagar-1, Bhopal, Balaghat-1 & 2, Barwani, Betul-1, Betul-2, Bhind-1 & 2, Burhanpur, Chhindwara-1, Chhindwara-2, Damoh-1 & 2, Datia, Dewas-1 & 2, Dhar-1 & 3, Kukshi (Dhar-2), Dindori, Guna-1, Guna-2, Gwalior, Harda, Indore, Jabalpur-1 & 2, Jhabua, Katni-1 & 2, Khandwa, Khargone-1 & 2, Mandla, Morena, Narsinghpur, Neemuch, Panna-1, Panna-2, Raisen-1, Raisen-2, Rajgarh-1 & 2, Ratlam, Rewa-1 & 2, Sagar-1, Sagar-2, Satna-1, Satna-2, Sehore, Seoni-1 & 2, Shahdol, Shajapur-1, Sheopur, Shivpuri-1 & 2, Sidhi, Waidhan, Ujjain-1 & 2, Umaria, Vidisha-1, Vidisha-2.

- Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:00 hrs on 01.07.2021
2. Last date of Submission of bid is **date 20.07.2021 upto 17.00 hrs.**
   Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Roads and Bridge works August, 2020 (Updated upto 28.06.2021) on our Website **http://mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P.Madhyam/101138/45655/2021 **(T & e-G)**

SAIFIA HAMIDIA UNANI TIBBIYA COLLEGE

KHANDWA ROAD, BURHANPUR (M.P.)
Affiliated to M.P.M.S.U., Jabalpur (M.P.)
Phone No.: (07325) 292747, Mobile No.: 74891-1555

REQUIRES - PRINCIPAL

Application are invited from eligible candidate for the Post of Principal along with copies of necessary documents in support of their qualification & experience, so as to reach (through proper channel if employed) to the office of the said college within 15 days from the date of this advertisement.

-- QUALIFICATION --

Essential Qualification :
1. Post Graduate Degree in Unani Medicine from any recognized College / University.
2. Teaching experience from a recognized institution not less than 10 year
3. Administrative experience not less than 5 years.

Desirable Qualification :
1. Research/Published work
2. Knowledge of Urdu, Arabic, Persian & English

NOTE :
1. It will be open to the Society to fill / not to fill up the names of the candidate who may have not applied but are otherwise qualified and eligible.
2. Candidates called for interview will have to present themselves at their own expenses.
3. Application along with Bio-data, Passport Size Photograph self-attested, Xerox copy of Documents in support of qualification and experience.
4. Rules and Regulations for appointment as per society and/or Government norms.

सृजन Secretary
R-45658/2021 U.T. E. Society, Burhanpur (M.P.)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01, जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कालोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482003
फोन नं. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 अंतर्गत 03 नग प्री. मेट्रिक सीनियर बालक छात्रावास भवन तिलहरी, जबलपुर कार्य हेतु निविदा क्र. 05/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_148731) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 15.07.2021 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/101122/45653/2021 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
फोन : 0734-2527715, मो: 9406808103, ई-मेल : mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 698-99-700/पय/मप्रपुहाइडेकालि/21/ उज्जैन, दिनांक : 29.6.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 10/2021-22 दिनांक 29.6.2021 के अंतर्गत जिला आगर-मालवा में खेल विभाग के स्टेडियम की बाउण्ड्रीवाल एवं चैनलिंक फेंसिंग का निर्माण कार्य, निविदा क्रमांक 11/2021-22 दिनांक 29.6.2021 के अंतर्गत पुलिस चौकी भवन, जीआरपी, नागदा जिला उज्जैन एवं निविदा क्रमांक 12/2021-22 दिनांक 29.6.2021 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य ट्रैफिक मैनेजमेन्ट एवं डाटाबेस सेन्टर, उज्जैन एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य पुलिस चौकी भवन, हरणगांव, जिला देवास आदि कार्यों की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. - 2021_MPPHC_148859, 2021_MPPHC_148860, 2021_MPPHC_ 148862, 2021_MPPHC_148864 कुल 4 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 30.06.2021 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/101141/45654/2021 **परियोजना यंत्री**

लोक निर्माण मंत्री ने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृत करने की मांग की

नई दिल्ली, लोक निर्माण कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

श्री गोपाल भार्गव ने मध्यप्रदेश शासन की ओर से वर्ष 2021-22 की कार्ययोजना में प्रदेश के 3856 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को सम्मिलित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्री भार्गव ने भारत सरकार द्वारा प्रदेश में बुधनी से नसरुल्लागंज मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग 146 बी घोषित किए जाने के पश्चात इस मार्ग की नसरुल्लागंज से संदलपुर तक लंबाई 38 किलोमीटर बढ़ाने तथा बुदनी से बाड़ी तक 55 किलोमीटर लंबाई बढ़ाने की मांग की। इससे दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी हो सकेगी। इन दोनों हिस्सों की कुल लंबाई 93 किलोमीटर है, जिसे राजमार्ग घोषित करने का प्रस्ताव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में विचाराधीन है।

श्री भार्गव ने मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा सी.आर.आई.एफ. मद के अंतर्गत भेजे गये 4256 करोड़ रुपये के 52 कार्यों के प्रशासकीय स्वीकृति प्रस्तावों को स्वीकृत करने का अनुरोध केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से किया। श्री भार्गव ने मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के मजबूतीकरण के 7 कार्य तथा वन टाइम इन्वेस्टमेंट के 11 कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भी श्री नितिन गडकरी से अनुरोध किया। इन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के प्रस्ताव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भिजवाए गए हैं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग नीमच (म.प्र.)

Email : eepwdneemuch@mp.nic.in, Phone : (07423) 223061

निविदा सूचना क्रमांक 04/2020-21/नीमच **दिनांक : 28.06.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम :- मनासा रामपुरा रोड से जयसिंह का टाण्डा तक मार्ग (विद्युतीकरण कार्य सहित) निर्माण कार्य।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	ईएमडी की राशि	समयावधि
1.	2021_PWDRB_148781_1	नीमच	प्लान रोड	प्रथम	177.67	177670/-	8 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- नलवा कुण्डला रोड से ढाणी तक मार्ग (विद्युतीकरण कार्य सहित) निर्माण कार्य।

2.	2021_PWDRB_148783_1	नीमच	प्लान रोड	प्रथम	342.96	342960/-	12 माह वर्षाकाल सहित
				Total	**520.63**		

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविद प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 16.07.2021 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। भौतिक रूप से एनवलप एवं अन्य दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-14108/45650/2021 **लोक निर्माण विभाग संभाग नीमच**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रायसेन

दूरभाष क्र. : 07482-222095, फैक्स क्र. : 07482-223388, ई-मेल : eephrai@nic.in
कमांक/2907/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/ **रायसेन, दिनांक : 30.06.2021**

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 14.07.2021 शाम 17:30** है एवं संशोधन केवल वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्रमांक	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PHED_148881_1	14	रायसेन जिले के विकासखण्ड सांची/गैरतगंज के अंतर्गत 150 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	248.13
2.	2021_PHED_148882_1	15	रायसेन जिले के विकासखण्ड बेगमगंज/सिलवानी के अंतर्गत 150 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	248.13
3.	2021_PHED_148884_1	16	रायसेन जिले के विकासखण्ड बाड़ी/उदयपुरा के अंतर्गत 150 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	248.13
4.	2021_PHED_148885_1	17	विकासखण्ड औबेदुल्लागंज के अंतर्गत 150 स्कूल/आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय कार्य।	248.13

कार्यपालन यंत्री
जी-14107/45649/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायसेन**

DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE

Accredited A+ Grade by NAAC

ADMISSION NOTICE-2021-22

Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore announces schedule for admission in the following Certificate, Diploma, P.G. Diploma, Undergraduate (U.G.), and Post-graduate (P.G.) programmes being offered at its University teaching departments/Schools/Institutes/Centers for the academic session 2021-22:

Certificate Courses after 10+2 (03 month) : German/ French/Translation & Literature/Performing Arts (Music, Kathak, Drama, Drawing).

Certificate Courses after 10+2 (06 month) : Sindhi Language.

Certificate Courses after Graduation (03 month) : World Unity : A 20th Century historical Perspective/Learning in Action for Development.

Certificate Courses after Graduation (06 month) : Consumer Psychology/Human Rights.

Certificate Courses after Post Graduation (06 month) : Guidance & Counseling/Labour Law & Personnel Management.

Diploma Programmes after 10+2 : Interior Designing/German/French/Translation & Literature/ Performing Arts (Music, Kathak, Drama, Drawing)/Logistics & Supply (Cargo Management)/ Exports & Imports Management/Digital Marketing/Screenplay Writing/Photography/Sindhi Language & Literature.

Online Diploma after 10+2 : Fitness Nutrition.

Advanced Diploma : Logistics & Supply.

P.G. Diploma Programmes : Population Education and Demography/Advanced Translational and Functional Hindi/Yoga Therapy/Computer Applications (P.G.D.C.A.)/Consumer Psychology/ Guidance and Counseling/Human Rights/Labour Law & Personnel Management.

Vocational Programmes after 10+2 : B.Voc. (Interior Design/Fashion Technology/Khadi & Handloom/Nutrition & Dietetics/Landscape Design/Handicraft).

Vocational Programmes after Graduation: M.Voc. (Interior Design/Nutrition & Dietetics/ Landscape Design/Fashion Technology).

Programmes after 10+2 :

B.C.A.; B.A. (Political Science, Sociology, History); **B.A.** (Political Science, Psychology, History); **B.A.** (Political Science, Geography, History)/**B.A.** (Yogic Science); **B.S.W.; B.Sc.** (Yogic Science); **B.P.E.S.** (Bachelor of Physical Education and Sports)- Admission through entrance examination; **B. Pharm.** (Lateral entry admission) after Diploma in Pharmacy.

Programmes after Graduation :

M.Sc. (Statistics/Mathematics/Physics/Physics-Materials Science/Chemistry/Applied Mathematics/Computer Science/Information Technology/Biotechnology/Genetic Engineering/ Bioinformatics/Biochemistry/Life Sciences/Industrial Microbiology/Data Science & Analytics/ Electronics/Electronics and Communication);

M.A. (Women Empowerment & Life Long Learning/Economics/Sanskrit-Jyotish/English Literature/ Urdu Literature/Functional Hindi Translation & Literature/Sindhi Literature/Yoga/Clinical Psychology/Political Science/Sociology);

M.Com. (Accounting and Financial Control)/Bank Management); **LL.M.** (Business law).

B.L.I.Sc.; M.L.I.Sc.; M.S.W.; B.J.;

M.B.A. (Executive).

B. Ed.; M. Ed, M.P.Ed. : Admission to these programmes are through M.P. Higher Education Department.

Last date for submission of application form is 31st July 2021.

(Graduates, whose final year/semester result is awaited, can also apply on the basis of their result of previous year/semester).

The admission will be given purely on the basis of merit prepared by concerning department based on its own set criteria (Except B.P.E.S., M.P.Ed., B. Ed., & M. Ed.). The details of eligibility, fee structure and mode of entrance examination are available on websites **www.dauniv.ac.in.** The application form fee is Rs. 750/- (Rs. 400/- for SC/ST candidates of M.P. domicile) per programme.

Applicants seeking admission in above mentioned programmes must apply online and pay application form fee through **https://davv.mponline.gov.in.**

M.P. Madhyam/101181/45662/2021 **REGISTRAR**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-800/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 28.06.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.07.2021 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD_148720_1	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चेन क्र. 1752 से 2548 के मध्य 12 नं. एच.आर. 03 नं. सी.आर. 07 नं. सी.डी. एवं 01 नं. स्केप के मरम्मत का कार्य। (ई.आर.एम. के अंतर्गत)	सिवनी मालवा	208.23
2.	2021_WRD_148724_1	रूज मध्यम सिंचाई बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित 33 के.व्ही. विद्युत लाइन के प्रति-स्थापन का कार्य। समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर/ पन्ना	69.97
3.	2021_WRD_148725_1	बरखेड़ा बांध के डूब क्षेत्र ग्राम खोजकुआ एवं रेहडदा की 11 के.व्ही. लाइन एवं एल.टी. विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य।	धार	43.30

जी-14110/45651/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर

गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर

E-mail ID : cepwdwest@mp.nic.in, Phone No. : 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 01/सा/40/निविदा/2021-22 **इंदौर, दिनांक : 25.06.2021**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

कार्य का नाम :- फोरलेन मुलथान से धमाना-वैगन्दा-मियाखेड़ी-जवासिया-जस्साखेड़ी मार्ग लंबाई 8.80 कि.मी. का निर्माण कार्य मय एल.टी./एच.टी. लाइन शिफ्टिंग कार्य। (तृतीय आमंत्रण)

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	अनुमानित राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2021_PWDRB_148614	धार	727.44	727440/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित
	कार्य का नाम :- गणपति नाका से सिंधी बस्ती (फोर लेन मार्ग) लंबाई 1.45 कि.मी.।					
2.	2021_PWDRB_148615	बुरहानपुर	942.69	942690/-	20,000/-	14 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक 16.07.2021, 17:30 तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा। सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें। भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जावे।

मुख्य अभियंता

जी-14105/45648/2021 **लो.नि.वि. पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर**

MP POWER MANAGEMENT COMPANY LTD.

(A Govt. of MP Undertaking)

CIN : U40109MP2006SGC018637

WALK-IN-INTERVIEW FOR ENGAGEMENT OF MEDICAL OFFICER ON JOB CONTRACT BASIS

MP Power Management Company Limited intend to engage 02 Medical Officers on Job contract basis for its Hospital at Rampur, Jabalpur, on consolidated monthly remuneration of Rs. 60,000/- p.m. through walk-in-interview. For application form and detailed information please visit **www.mppmcl.com** ***// SAVE ELECTRICITY//***

R-45661/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (HR & A)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 07/2021-22

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 07/2021-22 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_149359_1 एवं MPPHC_149361_1 हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 17.07.2021 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/101168/45659/2021

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के लिये गठित मंत्री-समूहों की बैठक में मंथन

भोपाल, टीकाकरण, अस्पताल प्रबंधन और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के लिये गठित तीन मंत्री-समूहों की संयुक्त बैठक मंत्रालय में हुई। बैठक में मंत्री-समूहों के सदस्यों ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर विभिन्न विषयों पर मंथन किया।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पशुपालन मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल, पर्यटन मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, उद्यानिकी राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इंदर सिंह परमार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल, आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री वृजेन्द्र सिंह यादव वर्चुअली जुड़े। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त श्री आकाश त्रिपाठी और संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. उल्का श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

अस्पतालों के प्रबंधन और संसाधनों की उपलब्धता की प्रगति का आकलन

बैठक में मंत्रियों की विभिन्न अनुशंसाओं पर चर्चा की गई। बैठक में शासकीय एवं निजी क्षेत्र के अस्पतालों के सुनियोजित प्रबंधन एवं सभी आवश्यक सुविधाओं और संस्थानों की उपलब्धता की सुनिश्चितता की प्रगति का आकलन किया गया। श्री सारंग ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को रोकने और बचाव की प्लानिंग रिपोर्ट जरूर बनायें। स्टाफ को मोटिवेशन और ट्रेनिंग देने की आवश्यकता बताई गई। बच्चों के साथ अभिभावकों के रहने के लिये स्पेस निर्धारित करने को भी कहा गया। उन्होंने आकलन के लिये डाटा कलेक्शन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टेस्टिंग की संख्या बढ़ाकर लगातार मरीजों का ध्यान रखा जाये। दवाओं का आकलन एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में फॉर्मेसी कम्पनियों को प्रमोट करें। सभी चिकित्सा पद्धतियों को एक प्लेटफार्म पर लाने सिंक्रोनाइज करने के लिये अध्ययन कर प्रयास किये जायें। हर जिले में ऑक्सीजन वाले कम से कम 50 बेड उपलब्ध हों। बैठक में साफ-सफाई व्यवस्था, जिला अस्पताल की प्रबंधन की तैयारी आदि पर चर्चा की गई।

टीकाकरण और स्वास्थ्य अमले की उपलब्धता प्राथमिक लक्ष्य

बैठक में बताया गया कि कॉलेजों में भी कैम्प लगाकर टीकाकरण करवाया जायेगा। लगातार वैक्सीनेशन किया जा रहा है। कर्मचारियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य भी पूर्णता की ओर अग्रेषित है। आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास भी लगातार जारी हैं। चिन्हांकित 126 टेस्ट की सुविधाएं हर जिले में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इससे टेस्ट के लिये सेम्पल बाहर भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। आयुष्मान कार्ड की संख्या अब एक करोड़ से बढ़कर लगभग ढाई करोड़ हो गई है।

लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा

बैठक में बताया गया कि टीकाकरण महा-अभियान के प्रथम दो दिवसों में देश में सर्वाधिक वैक्सीनेशन मध्यप्रदेश में हुआ। प्रदेश में इंदौर जिले में सर्वाधिक पात्र हितग्राहियों का वैक्सीनेशन किया गया। नगर पंचायत बुढ़ार में शत-प्रतिशत नागरिकों का पूर्ण टीकाकरण हुआ। जिला सागर के केन्द्रीय जेल के कैदियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण हुआ।

प्रदेश में उच्च जोखिम वाले समूह का प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करवाया गया है। प्रदेश की 20 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ है। युवा शक्ति कोरोना मुक्ति अभियान के अंतर्गत 42 जिलों में 1200 मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षित किये गये हैं। अगली दो तिमाहियों के लिये पहली और दूसरी खुराक का वर्गवार वैक्सीन की उपलब्धता के आधार पर प्लान प्रदर्शित किया गया।

कोरोना का टीका है संजीवनी - मुख्यमंत्री

शहडोल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना का टीका संजीवनी है, जो संभावित कोरोना की तीसरी लहर से आमजन को बचायेगा। प्रदेश सरकार ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर के लिये सभी माकूल इंतजाम कर लिये हैं। प्रदेश की जनता को भी सजग और सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहडोल जिले की जनता ने टीकाकरण के लिए संपूर्ण मध्यप्रदेश को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की ग्राम पंचायत जमुई, नगर पंचायत बुढ़ार और धनपुरी ने सबसे पहले शत-प्रतिशत टीकाकरण कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं धनपुरी और बुढ़ार नगर पंचायत के नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मेडिकल स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ को धन्यवाद देने आया हूं। शहडोल जिला टीकाकरण में अव्वल है। मैं इस जिले को विकास के क्षेत्र में भी अव्वल रखूंगा।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना महामारी अभी गई नहीं है। हमको सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को कोविड के संक्रमण को रोकने के अनुकूल व्यवहार को अपनाना होगा। हर नागरिक को मास्क लगाना होगा, सामाजिक दूरी बनाए रखना होगा तथा सेनेटाइजर एवं साबुन से हाथ धोना होगा। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि बाजार में सभी दुकानदार मास्क लगाकर रखें, एक साथ दुकान में भीड़ न होने दें, ग्राहक भी हमेशा मास्क लगाकर ही दुकान आए। उन्होंने कहा है कि 'मास्क नहीं तो सामान नहीं' को अपनाएं और दुकानदार ने मास्क नहीं लगाया तो सामान खरीदने नहीं जाएं। अपने आपको बचाने के लिए कई चीजें करनी पड़ेंगी।

एमएसएमई (MSME) दिवस 27 जून

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में हैं रोज़गार के व्यापक अवसर

हमारे देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम औद्योगिक गतिविधियों का अहम हिस्सा हैं तभी तो इस क्षेत्र को उद्योग क्षेत्र का हृदय कहा जाता है। कृषि के बाद भारत में दूसरा सबसे बड़ा रोज़गार सृजन क्षेत्र एमएसएमई का ही है। मेक इन इंडिया अभियान को सफल बनाने में भी एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। एमएसएमई क्षेत्र वर्तमान में देश के निर्यात में अहम योगदान देता है। कोरोना संक्रमण के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी में लाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकल से वोकल का भी जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई वो ईंधन है, जो आत्मनिर्भर भारत की सफलता को बढ़ावा देगा। सही मायने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हमें लोकल से ग्लोबल और वोकल होने की दिशा में ले जायेंगे, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के आंकड़े बताते हैं कि विकासशील देशों में ये उद्यम अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं और किसी भी राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को विश्वभर में विकास के अग्रणी क्षेत्र के तौर पर जाना जाता है। यह क्षेत्र सतत विकास लक्ष्यों को मूर्तरूप देने की दिशा में जोर देता है और कार्य भी करता है। यह क्षेत्र सभी के लिए नवाचार, रचनात्मकता और उचित काम को प्रवर्तित करता है, इसी का परिणाम है कि उभरते व्यापारों में बनाए गए पांच नए औपचारिक रोज़गारों में से चार एमएसएमई क्षेत्र से होते हैं। एमएसएमई द्वारा महिलाओं, युवाओं और गरीब परिवारों के लोगों के बड़े हिस्से को रोज़गार उपलब्ध कराया जाता है, कभी-कभी ग्रामीण क्षेत्रों में एमएसएमई ही रोज़गार का एकमात्र स्रोत होता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार एमएसएमई सेक्टर बड़ी संख्या में नौकरी तैयार करने वाला क्षेत्र है। यूएन के अनुसार उभरते बाजारों में अधिकांश औपचारिक नौकरियां एसएमई द्वारा उत्पन्न की जाती हैं, इससे 10 में से 7 नौकरियों का सृजन होता है। वहीं यूएन के एक अनुमान के मुताबिक 2030 तक 600 मिलियन यानी 60 करोड़ नौकरियों की जरूरत होगी ऐसे में आने वाले दिनों में एमएसएमई रोज़गार के लिए एक बेहतर स्रोत हो सकता है।

संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने 6 अप्रैल, 2017 को आयोजित अपने 74वें पूर्ण अधिवेशन में सतत विकास लक्ष्यों को अर्जित करने, सभी के लिए नवोन्मेषण एवं स्थायी कार्य को बढ़ावा देने में सूक्ष्म, लघु एवं मझौले आकार के उद्यमों के महत्व को स्वीकार किया जिसके फलस्वरूप अधिवेशन में 27 जून को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों का दिवस मनाये जाने की घोषणा की गई।

इस साल की थीम है 'MSME 2021: key to an inclusive and sustainable recovery'

एमएसएमई दिवस हर एक विशेष थीम के अंतर्गत मनाया जाता है। इस साल संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिवस के लिए 'MSME 2021: key to an inclusive and sustainable recovery' थीम का चयन किया गया है। इसका मतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ रिकवरी के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एक अहम कुंजी है। कोविड महामारी की वजह से देश ही नहीं वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में गिरावट देखने को मिली है, चूंकि एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए यदि इस सेक्टर को बेहतर तरीके से संभाल लिया जाता है तो यह टिकाऊ और समावेशी तरीके से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ा सकते हैं। सामान्य दिनों में इस दिवस को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रदर्शनी, संगोष्ठियां, वर्कशॉप सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे, लेकिन कोविड महामारी की वजह से इस दिवस का मुख्य कार्यक्रम ऑनलाइन यानी वर्चुअल तरीके से हुआ। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपने डिजिटल प्लेफार्म में इस पर कार्यक्रम किया है।

प्रदेश में युवाओं को रोज़गार देने लायक बना रहा है एमएसएमई विभाग

मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग इकाइयों को लाभान्वित एवं सशक्त बनाते हुये आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में जरूरी कदम उठा रही है। केंद्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र के लिए किए जा रहे प्रावधानों और उनके क्रियान्वयन के साथ-साथ राज्य स्तर पर भी इस क्षेत्र को राहत दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को मजबूत करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग का गठन 5 अप्रैल, 2016 को किया गया था। इस विभाग के गठन का लक्ष्य एमएसएमई के लिए ऐसी नीतियां बनाना है, जो कि उन्हें विकसित करने के साथ-साथ सक्षम भी बनाए। प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक विकास और रोज़गार के अवसर को बढ़ावा देने का कार्य भी इस विभाग द्वारा किया जाता है। यह विभाग ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ ही ग्रामीण लोगों और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाता है, वहीं स्व-रोज़गार योजनाओं के माध्यम से अपने गृह शहर या गांव में खुद का उद्यम स्थापित करने के लिये युवाओं को प्रोत्साहित करता है। एमएसएमई को न्यूनतम साझा सुविधा प्रदान करने के लिए विभाग क्लस्टरों का विकास भी करता है। केंद्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 23 क्लस्टर को हाल ही में मंजूरी दी गई है, आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश में फर्नीचर, खिलौना और नमकीन सहित 11 कलस्टर आकार लेने जा रहे हैं। फर्नीचर कलस्टर से निकलने वाले लकड़ी के बुरादे के उपयोग के लिए वहाँ प्लायवुड इंडस्ट्री भी होगी। अगस्त में मध्यप्रदेश में एक ही दिन में तीन हजार एमएसएमई इकाइयां शुरू होने जा रही हैं। मध्यप्रदेश में प्रतिदिन दो से तीन इकाइयों को शुरू किया जा रहा है। ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है।

एमएसएमई के नए मानदंड

एमएसएमई मंत्रालय ने 26 जून, 2020 को अधिसूचना जारी कर संयंत्र, मशीन और उपकरण में निवेश और एमएमएमई के टर्नओवर के आधार पर एमएमएमई वर्गीकरण के आधार पर संयुक्त मानदंड अधिसूचित किए हैं। नए मानदंड से कई लाभ मिलने की आशा है, जिससे एमएसएमई को विस्तार करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही निर्यात के संबंध में टर्नओवर की सूक्ष्म, लघु या मध्यम श्रेणी की एमएसएमई इकाई की टर्नओवर की सीमा में गणना नहीं की जाएगी। यह व्यवसाय में सुगमता की दिशा में एक और कदम है। इससे निवेश को आकर्षित करने और एमएसएमई क्षेत्र में अधिक रोज़गार सृजन में सहायता मिलेगी। एमएसएमई को वर्गीकृत करने के मानदंड में परिवर्तन से निर्यातकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। वर्गीकरण मानदंड के परिणामस्वरूप उद्यमियों को निम्नलिखित मानदंड के आधार पर एमएसएमई में वर्गीकृत किया गया है।

1. सूक्ष्म उद्यम : संयंत्र, मशीन और उपकरणों पर निवेश एक करोड़ से अधिक न हो और टर्नओवर पांच करोड़ रुपये से अधिक न हो।

2. लघु उद्यम : संयंत्र, मशीन और उपकरणों पर निवेश 10 करोड़ रुपये से अधिक न हो और टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से अधिक न हो।

3. मध्यम उद्यम : संयंत्र, मशीन और उपकरणों पर निवेश 50 करोड़ रुपये से अधिक न हो और टर्नओवर 250 रुपये करोड़ से अधिक न हो।

एमएसएमई-डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट

एमएसएमई डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (MSME DI) इंदौर,1954 में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय, विकास आयुक्त (एमएसएमई) के एक फील्ड ऑफिस के रूप में स्थापित किया गया था। एमएसएमई डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (MSME DO) देश में एमएसएमई नीतियों को तैयार करने के लिए एक शीर्ष निकाय है और एमएसएमई डीआई एवं ब्रांच एमएसएमई डीआई के अपने देशव्यापी नेटवर्क के माध्यम से प्रचार गतिविधियों को लागू करता है। मध्यप्रदेश में एमएसएमई-डी आई इंदौर में स्थित है एवं इसकी ब्रांच एमएसएमई-डी आई ग्वालियर और एमएसएमई-डी आई रीवा में हैं, वहीं एमएसएमई परीक्षण स्टेशन भोपाल है।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 1 जून, 2020 को चैंपियन पोर्टल का शुभारंभ किया था। यह पोर्टल एमएसएमई की वर्तमान स्थिति में सहायता करने के साथ-साथ उन्हें नए व्यापार अवसरों को हासिल करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। एमएसएमई समाधान और उद्यम पंजीकरण आदि विभिन्न पोर्टल के साथ चैंपियन पोर्टल को जोड़ा गया है।
- आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत 26 जून 2020 को संकटग्रस्त एमएसएमई को पूंजीगत समर्थन देने के लिए उप-ऋण के रूप में 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें केंद्र सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ की सहायता दी गई है। वहीं एमएसएमई के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की राशि से आत्मनिर्भर भारत (एसआरआई) फंड (एमएसएमई योजना के लिए फंड ऑफ फंड योजना) के दिशा निर्देश 5 अगस्त 2020 को जारी किए गए थे।

रश्मि रंजन
(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. वर्ष 2016 में वर्ल्ड टेबल टेनिस चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?
(अ) जर्मनी
(ब) अमेरिका
(स) मलेशिया
(द) नीदरलैंड

2. इनमें से कौन-सा दिग्गज खिलाड़ी फ्लाइंग सिख के नाम से भी मशहूर है?
(अ) बिशन सिंह बेदी
(ब) मिल्खा सिंह
(स) परगट सिंह
(द) हरभजन सिंह

3. महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?
(अ) हरमनप्रीत कौर
(ब) एलिसा हीली
(स) डिएंड्रा डॉटिन
(द) मेग लेनिंग

4. भारत ने वर्ष 2011 में किस देश को हराकर वन-डे वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) पाकिस्तान
(ब) श्रीलंका
(स) इंग्लैंड
(द) न्यूजीलैंड

5. वेस्टचेस्टर कप पोलो टूर्नामेंट किन दो देशों के बीच खेला जाता था?
(अ) फ्रांस - इटली
(ब) अमेरिका - कनाडा
(स) इंग्लैंड - जर्मनी
(द) अमेरिका - इंग्लैंड

6. बीजिंग ओलिंपिक-2008 में इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने पदक नहीं जीता था?
(अ) अभिनव बिन्द्रा
(ब) सुशील कुमार
(स) मेरी कॉम
(द) विजेंदर सिंह

7. पाउलो मेल्डिनी किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रहे हैं?
(अ) इटली (ब) जर्मनी
(स) नाइजीरिया (द) अर्जेंटीना

8. वर्ष 2004 में किस देश ने यूरो कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी की थी?
(अ) क्रोएशिया
(ब) पुर्तगाल
(स) चेक रिपब्लिक
(द) स्वीडन

9. महेश भूपति ने इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम पुरुष डबल्स खिताब नहीं जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(ब) फ्रैंच ओपन
(स) विम्बलडन
(द) अमेरिकन ओपन

10. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 12 मैच जीतने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) दक्षिण अफ्रीका
(स) वेस्टइंडीज
(द) अफगानिस्तान

11. वर्ष 2020 में द्रोणाचार्य पुरस्कार जीतने वाले प्रशिक्षक गौरव खन्ना किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) एथेलेटिक्स (ब) टेनिस
(स) बैडमिंटन (द) मुक्केबाजी

12. वर्ष 2018 में विंटर ओलिंपिक किस शहर में आयोजित किया गया था?
(अ) मिलान (ब) प्योंगचांग
(स) बीजिंग (द) वैंकुवर

13. इस वर्ष यूएफा यूरोपा लीग का खिताब किस क्लब ने जीता है?
(अ) विलारियल
(ब) सेविला
(स) जुवेंटस
(द) पेरिस सेंट जर्मेन

14. कॉमनवेल्थ गेम्स-2018 में हॉकी में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता था?
(अ) भारत (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) बेल्जियम

15. इनमें से किस भारतीय मुक्केबाज ने इस वर्ष एशियन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) अमित पंघाल
(ब) शिव थापा
(स) विकास कृष्णन यादव
(द) संजीत कुमार

16. स्कीट इनमें से किस खेल की एक स्पर्धा है?
(अ) जिम्नास्टिक
(ब) गोल्फ
(स) निशानेबाजी
(द) इनमें से कोई नहीं

17. रोजर फेडरर ने कितनी बार यूएस ओपन टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब जीता है?
(अ) तीन बार
(ब) पांच बार
(स) आठ बार
(द) नौ बार

18. वीरेंद्र सहवाग ने वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक किस देश के खिलाफ बनाया था?
(अ) वेस्टइंडीज (ब) पाकिस्तान
(स) श्रीलंका (द) बांग्लादेश

19. टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को आउट करने वाले विकेटकीपर हैं?
(अ) महेन्द्र सिंह धोनी
(ब) वसीम बारी
(स) एडम गिलक्रिस्ट
(द) क्विंटन डिकॉक

20. वर्ष 2020 में आबू धाबी ग्रांप्री के विजेता बने थे?
(अ) मैक्स वर्स्टापेन
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) वाल्टेरी बोटास
(द) इनमें से कोई नहीं

21. हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब किस टीम ने जीता है?
(अ) इस्लामाबाद यूनाइटेड
(ब) कराची किंग्स
(स) मुल्तान सुल्तांस
(द) क्वेटा ग्लैडिएटर्स

22. वर्ष 2018 में किस भारतीय खिलाड़ी ने एशियन जूनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) लक्ष्य सेन
(ब) सौरभ वर्मा
(स) एच.एस. प्रणय
(द) चिराग शेट्टी

23. रियो ओलिंपिक-2016 में रग्वी सेवंस में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है?
(अ) कनाडा (ब) न्यूजीलैंड
(स) फिनलैंड (द) फिजी

24. वर्ष 2023 में वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित होगी?
(अ) शिकागो (अमेरिका)
(ब) बुडापेस्ट (हंगरी)
(स) लंदन (इंग्लैंड)
(द) बीजिंग (चीन)

25. गर्बाइन मुगुरूजा ने किस वर्ष विम्बलडन का खिताब जीता था?
(अ) वर्ष 2015 (ब) वर्ष 2016
(स) वर्ष 2017 (द) वर्ष 2019

उत्तरमाला

1.(स), 2.(ब), 3.(स), 4.(ब), 5.(द), 6.(स), 7.(अ), 8.(ब), 9.(अ), 10.(द), 11(स), 12.(ब), 13.(अ), 14.(स), 15.(द), 16.(स), 17.(ब), 18.(अ), 19.(ब), 20.(अ), 21.(स), 22.(अ), 23.(द), 24.(ब), 25.(स)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

यूएई में आयोजित होगा आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप

मुंबई, इस वर्ष के अंत में खेले जाने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप टूर्नामेंट का आयोजन अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जायेगा। यह फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिया है। हालांकि टूर्नामेंट का मेजबान बीसीसीआई ही रहेगा।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् ने जून महीने की शुरुआत में बीसीसीआई को यह फैसला करने और उसे सूचित करने के लिये चार सप्ताह का समय दिया था कि कोरोना की स्थिति को देखते हुये क्या भारत ट्वेंटी-20 विश्वकप की मेजबानी कर सकता है।

बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि हमने आईसीसी को आधिकारिक तौर पर बता दिया है कि आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप को संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाये। यह निर्णय सभी हितधारकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई भारत में ट्वेंटी-20 विश्वकप की मेजबानी करना चाहता था, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। गांगुली ने कहा कि बीसीसीसीआई को इस बात का डर भी था कि बायो बबल में कोरोना वायरस का प्रकरण आने के चलते आईपीएल के निलंबित

होने से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विश्वकप के लिये भारत नहीं आना चाहेंगे।

यूएई के अलावा ओमन में भी होंगे मुकाबले

ट्वेंटी-20 विश्वकप के मुकाबले यूएई के अलावा ओमान में भी आयोजित किये जायेंगे। आईसीसी के अनुसार ट्वेंटी-20 विश्वकप के मुकाबले यूएई के तीन तथा ओमान के एक स्टेडियम में आयोजित होंगे। टूर्नामेंट में पहले दौर के क्वालिफाइंग मुकाबले ओमान और यूएई में होंगे। वहीं मुख्य दौर के सभी मुकाबले यूएई में खेले जायेंगे।

टूर्नामेंट में 16 टीमें लेंगी हिस्सा

ट्वेंटी-20 विश्वकप में कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इस विश्वकप में कुल 45 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट के क्वालिफाइंग दौर में आठ टीमें हिस्सा लेंगी, इनमें बांग्लादेश, श्रीलंका, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड, नामिबिया, ओमान और पापुआ न्यू गिनी शामिल हैं। ये टीमें 4-4 के ग्रुप में आपस में खेलेंगी। दोनों ग्रुपों की टॉप-2 टीमें मुख्य दौर में जगह बनायेंगी। मुख्य दौर में कुल 12 टीमें होंगी। भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका मुख्य दौर में सीधे जगह बना चुकी हैं, जबकि चार टीमें क्वालिफाइंग राउंड से तय होंगी।

फाइनल 14 नवम्बर को होगा

आईसीसी ने कहा कि ट्वेंटी-20 विश्वकप की शुरुआत 17 अक्टूबर से होगी और इसका फाइनल 14 नवम्बर को खेला जायेगा। हालांकि अभी टूर्नामेंट के पूरे शेड्यूल की घोषणा नहीं की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कोरोना महामारी के कारण आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले ट्वेंटी-20 विश्वकप को स्थगित कर दिया था। आईसीसी ने बाद में फैसला किया था कि भारत में वर्ष 2021 तथा ऑस्ट्रेलिया में वर्ष 2022 में ट्वेंटी-20 विश्वकप आयोजित होगा।

खेल चर्चा

ओलिंपिक में अब 7 दिन की देनी होगी कोविड रिपोर्ट

टोक्यो, जापान में आयोजित होने वाले टोक्यो ओलिंपिक से पहले आयोजनों ने भारतीय एथलीटों को बड़ी राहत देते हुये कोविड नियमों में रियायत दी है। अब भारतीय खिलाड़ियों को टोक्यो जाने से 14 दिन पहले की जगह सिर्फ सात दिन की मेडिकल रिपोर्ट देनी होगी। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों को अब केवल दो दिन पहले की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट देनी होगी। उल्लेखनीय है कि जापान सरकार ने कोरोना के नये वैरिएंट पाये जाने वाले 11 देशों के खिलाड़ियों के लिये सख्त नियम बनाये थे, इनमें भारत भी शामिल था। भारतीय ओलिंपिक संघ ने खिलाड़ियों का वैक्सीनेशन होने की बात कहकर इस नियमों को गलत बताया था। इसके बाद ओलिंपिक आयोजकों ने यह रियायत दी है।

टेस्ट रैंकिंग में विलियम्सन फिर बने नंबर वन

दुबई, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियम्सन एक बार फिर टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन बल्लेबाज बन गये हैं। आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में विलियम्सन ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है। रैंकिंग में विलियम्सन 901 रेटिंग अंकों के साथ पहले पायदान पर हैं, जबकि स्मिथ 891 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। रैंकिंग में मार्नस लाबुशेन तीसरे तथा विराट कोहली चौथे स्थान पर काबिज हैं। विलियम्सन ने भारत के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शानदार बल्लेबाजी की थी, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया था। आईसीसी द्वारा जारी वन-डे बल्लेबाज रैंकिंग में बाबर आजम तथा ट्वेंटी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में डेविड मलान पहले स्थान पर हैं।

मैक्स वर्स्टापेन ने जीती स्टायरियन ग्रांप्री रेस

स्पीलबर्ग, नीदरलैंड्स के युवा कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने स्टायरियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। वर्स्टापेन ने 71 लैप की इस रेस को एक घंटा 22 मिनट 18.925 सेकेंड में पूरा किया। रेस में वर्स्टापेन ने पोल पोजिशन से शुरुआत की थी। रेस में वर्स्टापेन को मौजूदा विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वर्स्टापेन ने अपनी बढ़त को बनाये रखा और हैमिल्टन से 35 सेकेंड पहले रेस खत्म की। रेस में वाल्टेरी बोरास तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे तथा लेंडो नॉरिस पांचवें स्थान पर रहे। यह इस सत्र में वर्स्टापेन की चौथी जीत है। वर्स्टापेन ड्राइवर स्टैंडिंग में 156 अंक लेकर पहले स्थान पर चल रहे हैं।

यूनिस खान ने बल्लेबाजी कोच पद से दिया इस्तीफा

लाहौर, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच यूनिस खान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया कि बोर्ड और यूनिस ने आपसी सहमति से यह फैसला लिया है। यूनिस खान को नवम्बर 2020 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया गया था। उनका कार्यकाल वर्ष 2022 तक था, जो आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद खत्म होना था। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा कि यूनिस खान जैसे कोच का साथ छूटना दुखद है।

टोक्यो ओलिंपिक में नहीं खेलेंगी सेरेना विलियम्स

न्यूयॉर्क, अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स टोक्यो ओलिंपिक में नहीं खेलेंगी। चार बार की ओलिंपिक चैंपियन सेरेना ने बताया कि वह टोक्यो ओलिंपिक में भाग नहीं लेंगी, हालांकि उन्होंने इसका कोई कारण नहीं बताया। सेरेना ने कहा कि ओलिंपिक को लेकर मेरे इस फैसले के पीछे कई कारण हैं। मैं वास्तव में ओलिंपिक में नहीं जाना चाहती हूं। सेरेना ने सिडनी ओलिंपिक, बीजिंग ओलिंपिक और लंदन ओलिंपिक में महिला युगल वर्ग में अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ स्वर्ण पदक जीता है, वहीं लंदन ओलिंपिक में सेरेना ने महिला एकल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता था।

इंग्लैंड ने ट्वेंटी-20 सीरीज 3-0 से जीती

साउथेम्प्टन, इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया है। इंग्लैंड ने सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में श्रीलंका को 89 रन से हराया। मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 180 रन बनाये। इंग्लैंड के लिये डेविड मलान ने सर्वाधिक 76 तथा जॉनी बेयरस्टो ने 51 रन बनाये। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम महज 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

टेस्ट हैट्रिक लेने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बने केशव

सेंट लूसिया, दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज केशव महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केशव टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के लिये हैट्रिक लेने वाले पहले स्पिनर तथा ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गये हैं। केशव ने यह उपलब्धि वेस्टइंडीज दौरे पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के दौरान हासिल की। केशव ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के 37वें ओवर की तीसरी गेंद पर कीरोन पावेल को, चौथी गेंद पर जेसन होल्डर को और पांचवीं गेंद पर जोशुआ डिसिल्वा को आउट कर हैट्रिक पूरी की।

केशव महाराज से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिये टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने का कारनामा तेज गेंदबाज ज्योफ ब्रिफिन ने किया था। ब्रिफिन ने वर्ष 1960 में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट मैच में हैट्रिक ली थी।

दक्षिण अफ्रीकी ने जीती सीरीज

केशव महाराज की शानदार हैट्रिक के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की है। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा टेस्ट मैच 158

रन से जीता है। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 298 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के लिये क्विंटन डिकॉक ने सर्वाधिक 96 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में कैरेबियाई टीम पहली पारी में 149 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज भी बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे और 174 रन ही बना सके।

दक्षिण अफ्रीका के लिये रैसी वान डर डुसेन ही अर्धशतक बनाने में सफल रहे। दूसरी पारी में जीत के लिये मिले 324 रनों के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 165 रन ही बना सकी।

तीरंदाजी विश्वकप में दीपिका कुमारी ने बनाई स्वर्णिम हैट्रिक

पेरिस, भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने फ्रांस में आयोजित तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-3 में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्णिम हैट्रिक बनाई है। दीपिका के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-3 में चार स्वर्ण पदक जीते।

प्रतियोगिता में दीपिका ने रिकर्व तीरंदाजी में महिला व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाये। रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में दीपिका ने रूस की एलिना ओसिपोवा को 6-0 से हराया। वहीं महिला टीम स्पर्धा में दीपिका कुमारी ने कोमालिका बारी और अंकिता भगत के साथ मिलकर मैक्सिकन जोड़ी को हराया। मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका कुमारी और अतनुदास की जोड़ी ने नीदरलैंड्स के प्रेविएला शोलेसर और जेफ वान डेन बर्ग की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं भारत को चौथा स्वर्ण पदक अभिषेक वर्मा ने दिलाया। अभिषेक ने कंपाउंड तीरंदाजी की पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में अमेरिका के क्रिस स्काफ को हराया। अभिषेक का तीरंदाज विश्वकप में यह दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले



अभिषेक ने वर्ष 2015 में भी विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता था।

दीपिका बनी नंबर वन तीरंदाज

तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-3 में शानदार प्रदर्शन का पुरस्कार दीपिका को मिल गया है। दीपिका विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में नंबर वन महिला तीरंदाज बन गई हैं। दीपिका ने तीरंदाजी रैंकिंग में दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। इससे पहले दीपिका वर्ष 2012 में विश्व की नंबर वन तीरंदाज बनी थीं। दीपिका ने अपने प्रदर्शन से टोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों को पुख्ता कर लिया है। वे ओलिंपिक में पदक की प्रबल दावेदार बन गई हैं।

तीनों फॉर्मेट में डेब्यू करने वाली सबसे युवा भारतीय बनीं शेफाली

ब्रिस्टल, भारत की स्टार महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा ने क्रिकेट में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। शेफाली क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में डेब्यू करने वाली सबसे युवा भारतीय बन गई हैं। शेफाली ने ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वन-डे सीरीज के पहले मैच में पदार्पण कर यह उपलब्धि हासिल की। शेफाली ने 17 वर्ष 150 दिन की आयु में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में पदार्पण कर लिया है।

शेफाली सबसे कम उम्र में पदार्पण करने की विश्व की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर आ गई हैं। इस सूची में अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान (17 वर्ष 78 दिन) पहले, इंग्लैंड की सारा टेलर (17 वर्ष 86 दिन) दूसरे, ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी (17 वर्ष 104 दिन) तीसरे और पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर (17 वर्ष 108 दिन) चौथे स्थान पर हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

आईसीसी करेगा प्वाइंट सिस्टम में बदलाव

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे सत्र की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट सिस्टम में भी बदलाव करेगी।

प्रत्येक मैच के लिये 12 अंक

आईसीसी के अंतरिम सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले सत्र में प्रत्येक श्रृंखला के लिये 120 अंक होते थे, चाहे श्रृंखला दो टेस्ट मैचों की हो या पांच टेस्ट मैचों की। अब नये सत्र में प्रत्येक मैच के लिये समान अंक होंगे। विजेता को 12 अंक दिये जायेंगे। मैच ड्रॉ होने की स्थिति में दोनों टीमों को चार-चार अंक दिये जायेंगे, वहीं मैच टाई होने पर दोनों टीमें छह-छह अंक पाने की हकदार होंगी।

एलार्डिस ने कहा कि टीमों ने मैच खेलकर जो अंक हासिल किये हैं, उनके

प्रतिशत अंकों के आधार पर टीमों की रैंकिंग तय की जायेगी।

भारत-इंग्लैंड सीरीज से शुरू होगा सत्र

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे सत्र की शुरुआत अगस्त माह में भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से होगी। दूसरे सत्र में सिर्फ 2 टेस्ट सीरीज ही 5-5 मैचों की होंगी, इनमें से एक भारत-इंग्लैंड की होगी तथा दूसरी सीरीज इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जायेगी। चैंपियनशिप के दूसरे सत्र में इंग्लैंड सबसे ज्यादा 21 टेस्ट खेलेगा, वहीं भारत 19 टेस्ट मैच खेलेगा। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया 18, दक्षिण अफ्रीका 15 और पाकिस्तान 14 टेस्ट मैच खेलेंगे। वहीं न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की टीमें 13-13 मैच खेलेंगी। बांग्लादेश की टीम चैंपियनशिप में सबसे कम 12 टेस्ट मैच खेलेगी।

- **आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे सत्र में भी नौ टीमें लेंगी हिस्सा।**
- **सभी टीमें 6-6 सीरीज खेलेंगी, इनमें तीन सीरीज घर में तथा तीन सीरीज विदेश में खेलेंगी।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

गुजरात में तैयार है

एशियाई शेरों का 'नया घर'

गुजरात की रामपरा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी (अभ्यारण्य) 3700 एकड़ में आकार ले रही है, यह जगह गिर अभ्यारण्य के एशियाई शेरों का गुजरात में 'नया घर' है। यहां शेरों को संरक्षित करने के लिए 2011 में बने जीनपुल प्रोजेक्ट (ब्रीडिंग सेंटर) के तहत विशालकाय परिसर तैयार किया गया है। लेकिन यहां आम लोगों को प्रवेश की अनुमति नहीं है। कुल 2.5 एकड़ का मुख्य परिसर छह हिस्सों में है, जहां शेर विहार करते हैं। परिसर में नर शेर अकेला रहता है जबकि मादा शावकों के साथ रखी जाती है। अभी 11 शेर हैं जिनमें 2 बड़े नर, 3 मादा, 3 छोटी मादाएं तथा शेष शावक हैं।

भारत और ग्रीस

दोनों देशों ने संप्रभुता के सम्मान का आह्वान किया

भारत और ग्रीस ने संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने और आतंकवाद को अस्वीकार करने का आह्वान किया है।

- **श्री जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर ग्रीस गए थे, जो पिछले 18 वर्षों में भारत के किसी विदेश मंत्री की पहली एथेंस यात्रा रही।**

विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर और ग्रीस के विदेश मंत्री निकोस डेंडियास के बीच एथेंस में विस्तृत चर्चा के दौरान ये मुद्दे उठे।

इसे दोनों पक्षों के बीच महत्वपूर्ण भूराजनीतिक चुनौतियों पर विचारों में बढ़ती समानता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के बाद दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने

मुक्त, समावेशी एवं सहयोगात्मक हिन्द-प्रशांत को लेकर दोनों पक्षों ने संतोष प्रकट किया।

श्री जयशंकर और डेंडियास ने सामरिक संबंध स्थापित करने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की। श्री जयशंकर ने ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस से मुलाकात की। ग्रीस के विदेश मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन समझौते के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए और इसे भारतीय पक्ष को सौंपा।

भारत सहित 183 देशों ने

क्यूबा पर अमेरिकी प्रतिबंधों का विरोध किया

भारत सहित 183 देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें क्यूबा पर लगी अमेरिकी आर्थिक

- **भारत ने इस बात पर जोर दिया कि लगातार प्रतिबंध लगे रहने से बहुपक्षवाद तथा स्वयं संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता कमजोर होती है।**

पाबंदियों को खत्म करने की मांग की गई है। अमेरिका और इजरायल ही केवल इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं, जिसे 1992 से हर साल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा भारी समर्थन के साथ अनुमोदित किया जाता है। ज्ञात रहे कि महासभा ने 1992 से ही हर साल इस मुद्दे पर मतदान शुरू किया था। यह प्रस्ताव लगातार 29वें साल पारित हुआ, जिसमें क्यूबा के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक, वाणिज्यिक और वित्तीय प्रतिबंध को समाप्त करने की मांग की गई है। मध्य अफ्रीकी गणराज्य, म्यांमार, मोलदोवा और सोमालिया ने वोट नहीं किया। कोलंबिया, यूक्रेन और ब्राजील ने मतदान में हिस्सा ही नहीं लिया।

अमेरिका ने

अफगानिस्तान से दोस्ती निभाने का किया वादा

अफगानिस्तान से सेना की वापसी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने काबुल से दोस्ती निभाने का वादा किया है। अफगान

- **बाइडेन ने कहा कि अफगानिस्तान अपना भाग्य तय करने जा रहा है। यह बहुत कठिन कार्य है। उनके इस कार्य में हमारी सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक सहायता जारी रहेगी।**

राष्ट्रपति अशरफ गनी को उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट की घड़ी में अमेरिका उनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा और हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेगा। पिछले सप्ताह अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी की अमेरिकी राष्ट्रापति जो बाइडेन से मुलाकात होने के बाद दोनों देशों के शीर्ष नेता पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। इस वार्ता में अफगानिस्तान के मुख्य कार्यकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला भी साथ थे। इस दौरान दोनों नेताओं ने रक्षा मंत्री जॉन आस्टिन, सीआईए डायरेक्टर विलियम बर्न और अन्य नेताओं से मुलाकात की।

अफगानिस्तान में हो रही निरर्थक हिंसा रुकनी चाहिए। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने कहा कि अमेरिका का हमारे साथ द्विपक्षीय संबंधों का नया अध्याय शुरू हो रहा है। इसमें सिर्फ सैन्य साझेदारी ही नहीं आपसी हितों को बढ़ावा देने के संबंध में भी व्यापकता होगी। हम इस साझेदारी से प्रोत्साहित और पूरी तरह से संतुष्ट हैं। गनी ने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने छह जिलों को फिर वापस ले लिया है। यह हमारे दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करता है। इससे पहले पेंटागन में रक्षा मंत्री जॉन आस्टिन ने कहा कि हम अफगानिस्तान से मजबूत रक्षा संबंध के लिए अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे।

पूर्वी वाशिंगटन स्टेट से लेकर पोर्टलैंड में टूटे गर्मी के रिकॉर्ड

अमेरिका में ओरेगन राज्य का सबसे बड़ा शहर पोर्टलैंड भीषण गर्मी का सामना कर रहा है और पिछले दिनों शहर में गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूट गए। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि शहर के निवासियों को इतिहास की सबसे भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में लू चलने से पारा बहुत अधिक बढ़ गया है। दुकानों में पोर्टेबल एयर कंडीशनरों और पंखों की आपूर्ति मांग से कम पड़ गई है, अस्पतालों ने बाहर टीकाकरण शिविर रद्द कर दिये हैं। शहरों में कूलिंग केंद्र खुल गए हैं और बेसबॉल खेल प्रतियोगिताएं रद्द कर दी गई हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, पोर्टलैंड में तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ओरेगन के सबसे बड़े शहर में इससे पहले 1965 और 1981 में अधिक गर्मी पड़ी थी और तब तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

नासा ने

अनुसंधान के लिए अंतरिक्ष में भेजा स्क्विड

नासा के एक अभियान के तहत हवाई से कई स्क्विड को अध्ययन के लिए अंतरिक्ष ले जाया गया है। स्क्विड प्राणी विज्ञान के सिफेलोपोडा समुदाय में आने वाले जंतु हैं जो खारे पानी में पाए जाते हैं।

इससे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई के केवालो मरीन प्रयोगशाला में एक छोटा वॉबेल स्क्विड तैयार किया गया था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के स्पेस एक्स पुनः आपूर्ति अभियान पर इस महीने की शुरुआत में अंतरिक्ष में उसमें विस्फोट हो गया।

होनोलूलू स्टार-एडवरटाइजर की खबर के अनुसार अनुसंधानकर्ता जेमी फोस्टर इस बात का अध्ययन कर रही हैं कि लंबे अंतरिक्ष मिशनों के दौरान मानव स्वास्थ्य को मजबूत करने की उम्मीद में स्पेसफ्लाइट स्क्विड को कैसे प्रभावित करता है। फोस्टर ने यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई से डॉक्टरेट किया है।

- **यूनिवर्सिटी ऑफ हवाई की प्रोफेसर मारग्रेट मैकफॉल-नगई ने कहा कि जब अंतरिक्ष यात्री बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में रहते हैं तब सूक्ष्म जीवों के साथ उनके शरीर का संबंध बदल जाता है। फोस्टर ने 1990 के दशक में मारग्रेट मैकफॉल-नगई के नेतृत्व में अध्ययन किया है।**
- **समुद्र विज्ञान के तहत बॉबेल स्क्विड सेफलोपोड्स समूह से आता है जो कैटलफिश से मिलता-जुलता है। ये छोटे सेफलोपोड्स दिलचस्प जीव हैं, क्योंकि वे अंधेरे में चमकते हैं, जिन्हें जीवदीप्ति कहा जाता है।**

पेंटागन को यूएफओ के बारे में जानकारी नहीं

अमेरिका सरकार के पास फिलहाल अनआइडेंटिफाई फ्लाइंग ऑब्जेक्ट (यूएफओ) को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं है। पेंटागन टास्क फोर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2004 से 2021 तक देखे गए यूएफओ के 144 मामलों में 143 के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इनमें एक गुब्बारा भी था, जिसे यूएफओ मान लिया गया है। नौ पेज की रिपोर्ट में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। ज्यादातर घटनाओं को अज्ञात या अनिर्णायक माना गया है। इधर, विशेषज्ञों ने निष्कर्ष तक न पहुंच पाने की विफलता पर अमेरिकी सरकार की तकनीकी और रक्षा काबिलियत पर सवाल उठाए हैं।

काला सागर पर रूस और ब्रिटेन के बीच तकरार

रूस ने अपने क्षेत्र में घुसपैठ करने वाले ब्रिटिश युद्धपोत को हटाने के लिए चेतावनी देते हुए गोलीबारी की। उसके युद्धक विमान

- **रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि ब्रिटिश मिसाइल विध्वंसक डिफेंडर ने चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए रूसी जल क्षेत्र में प्रवेश किया।**

ने युद्धपोत के नजदीक बम भी गिराए। यह घटना क्रीमिया के पास काला सागर में हुई। रूस इस क्षेत्र को अपना बताता है।

हालांकि ब्रिटेन ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है। शीत युद्ध के बाद पहली बार नाटो के युद्धक पोत को हटाने के लिए गोलीबारी करने की घटना हुई है।

इसके बाद कार्रवाई की गई। मंत्रालय के मुताबिक इसके कुछ मिनट बाद ब्रिटिश विध्वंसक ने अपना रास्ता बदल दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने इस हरकत का विरोध करने के लिए मास्को में यूके के मिलिट्री अटैची को तलब किया है। वहीं, ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि युद्धपोत पर फायरिंग जैसी कोई घटना नहीं हुई। मंत्रालय ने कहा है कि युद्धपोत अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करते हुए यूक्रेन की सीमा में से गुजर रहा था।

युद्धक पोतों पर गोलीबारी कर सकता है रूस

रूस घुसपैठ करने वाले युद्धक पोतों पर गोलीबारी कर सकता है। काला सागर की घटना के परिप्रेक्ष्य में यह चेतावनी एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी। क्रीमिया के नजदीक काला सागर में ब्रिटेन का एक युद्धक पोत घुस आया था जिसे रूस अपना क्षेत्र मानता है। रूस ने कहा कि इसके युद्धक पोतों ने चेतावनी गोलीबारी की और एक युद्धक विमान से ब्रिटेन के पोत के नजदीक बम गिराए गए ताकि वह सिवासटोपोल के नजदीक वाले इलाके से हट जाए। लेकिन ब्रिटेन ने इस घटना से इनकार किया है और कहा कि पोत पर गोलीबारी नहीं हुई।

यूएस सेना ने

तालिबान के ठिकानों पर किए ड्रोन हमले

तालिबान और अफगान सुरक्षा बलों के संघर्ष से दूर रहकर अपनी वापसी की प्रक्रिया में लगी अमेरिकी सेना गनी-बाइडेन की मुलाकात के साथ ही अचानक सक्रिय हो गई है। बढ़ती हिंसा के बीच अमेरिकी सेना ने तालिबान के ठिकानों पर दो बड़े ड्रोन हमले किए। इस हमले में तालिबान को बड़ा नुकसान हुआ है और उसके कई लड़ाके मारे गए हैं। बगलान और कुंदुज में अमेरिकी सेना ने ड्रोन हमले किए हैं। अफगान सुरक्षा बल ने कुंदुज के इमाम सहिब, खान आबाद और गोर टापा में तालिबान के ठिकानों पर हमले किए हैं।

फ्लोरिडा में आपातकाल की घोषणा

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फ्लोरिडा में एक बहु-मंजिला इमारत गिरने के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। फ्लोरिडा में इमारत के गिरने के बाद बचाव कार्य जारी है। राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 24 जून को इमारत के गिरने के कारण उत्पन्न हुई आपातकाल की स्थिति के मद्देनजर राज्य को संघीय सहायता के आदेश दिये हैं, स्थानीय लोगों को आपातकाल के कारण होने वाली कठिनाईयां कम करने के मद्देनजर सभी

प्रयासों के समन्वय के लिये संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी को अधिकृत किया गया है। फ्लोरिडा के सर्फसाइड शहर में हुई इस घटना में 130 में से करीब आधे फ्लैट ध्वस्त हो गये हैं। घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है और 99 अन्य लापता हैं।

रूस पर गलत जानकारी देने का अमेरिकी आरोप निराधार

अमेरिका में रूसी दूतावास ने कहा है कि अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी का क्रीमिया के नजदीक ब्रितानी युद्धपोत 'एचएमएस डिफेंडर' से संबंधित घटना को लेकर रूस पर गलत जानकारी देने संबंधी आरोप निराधार हैं। किर्बी ने कहा कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रूसी जल क्षेत्र से ब्रितानी युद्धपोत के रास्ते में चार बम गिराये जाने संबंधी रूस का बयान गलत है। इसके बाद रूसी दूतावास ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा,

"युद्धपोत 'एचएमएस डिफेंटर' संबंधी घटना पर रूस के गलत जानकारी देने का जॉन किर्बी का बयान निराधार है।" दूतावास ने कहा, पेंटागन अब भी रूस, क्रीमिया और प्रायद्वीप के आसपास की वास्तविक स्थिति को लेकर भ्रम में है।

ब्रिटेन ने कोरोना जोखिम वाले देशों की सूची में किया बदलाव

ब्रिटेन के परिवहन मंत्री ग्रांट शाप्स ने कोविड-19 मामले में जोखिम के आधार पर देशों की 'ग्रीन' और 'रेड' सूची में बदलाव करने की घोषणा की है। शाप्स ने कहा कि ब्रिटेन में यह परिवर्तित सूची 30 जून से प्रभावी होगी। इरिट्रिया, हैती, डोमिनिकन रिपब्लिक, मंगोलिया, ट्यूनीशिया और युगांडा को कोरोना के मामले में उच्च जोखिम वाले देशों की सूची में रखा गया है।

(खांत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

नहीं आयेगी कोरोना की तीसरी लहर जब हर घर से होगी वैक्सीन की पहल

समय पर जांच, उपचार एवं सावधानियां

आपको डेंगू एवं चिकुनगुनिया से बचा सकते हैं ...

डेंगू एवं चिकुनगुनिया का वाहक एडीज मच्छर रुके हुए साफ पानी में पैदा होता है और दिन के समय काटता है। पूरी बांह के कपड़े पहनें तथा पानी को जमा न होने दें। इससे बचने के लिए घरों के आस–पास सफाई रखें, सभी कंटेनर जिनमें पानी भरा हो एवं कूलर के पानी को सप्ताह में एक बार खाली कर, सुखा कर, उनमें नया पानी भरें। आप दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

डेंगू के लक्षण

तेज बुखार, आँखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों और सिर में तेज दर्द, मसूड़ों व नाक से खून बहना और शरीर पर लाल चकत्ते होना, डेंगू हो सकता है।

चिकुनगुनिया के लक्षण

तेज बुखार, सिर दर्द, जोड़ों में असामान्य दर्द और शरीर पर लाल चकत्ते आना आदि चिकुनगुनिया के प्रमुख लक्षण हैं।

उपचार

यह लक्षण पाए जाने पर शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क एलाइजा आधारित खून की जांच कराएं, जांच में डेंगू या चिकुनगुनिया पाए जाने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार पूरा उपचार लें। एस्प्रिन दवा का सेवन ना करें।

डेंगू एवं चिकुनगुनिया से बचाव

- पानी के बर्तन ढंककर रखें।
- अनुपयोगी सामग्रियों जैसे कूलर, ड्रम, टंकी, बाल्टी आदि में पानी जमा न होने दें, दोबारा उपयोग से पूर्व उन्हें अच्छी तरह सुखाएं।
- हैण्डपम्प के आस–पास भी पानी इकट्ठा न होने दें। रुके हुए पानी पर मिट्टी का तेल या जला हुआ इंजन आयल डालें।
- आस–पास सफाई रखें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बांह के कपड़े पहनें। पानी में मच्छर नहीं पनपने दें।

अपने आपको और अपने प्रियजनों/सहकर्मियों को कोविड से सुरक्षित रखने के लिए इन

पांच व्यवहारों का टीकाकरण के बाद भी पालन करें

हमेशा मास्क सही तरीके से पहने

हाथों को नियमित रूप से साबुन व पानी से धोएं या सैनिटाइजर का प्रयोग करें

आपस में 2 गज की दूरी बनाए रखें

बुखार आदि लक्षण दिखने पर तुरंत खुद को दूसरों से अलग रखें

लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करवाएं

टीकाकरण अवश्य करायें

हम सुरक्षित, तो देश सुरक्षित!

हेल्पलाइन नंबर:104/181(टोल फ्री)

राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनहित में जारी

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

M.P. Madhyam/101185/R-45660/2021

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।